जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 16 संख्याः 246 प्रभात हिण्डौन सिटी, बुधवार 10 जुलाई, 2024 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# भजनलाल सरकार का पहला बजट आज दिया कुमारी पेश करेंगी

## गत चार सरकारों के कार्यकाल के बाद पहला मौका है जब राज्य सरकार केन्द्र से पहले बजट पेश कर रही है



*वित्त मंत्री दीया कुमारी ने मंगलवार शाम को मुख्यमंत्री कार्यालय में मु.मंत्री भजनलाल शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोरा के साथ मिलकर बजट को अंतिम रुप दिया। दीया कुमारी बुधवार सुबह 11 बजे वित्त वर्ष 2024-25 का नया परिवर्तित बजट विधानसभा में पेश करेंगी।*

- वर्ष 2004, 2009 , 2014 में जब लोकसभा चुनाव हुए तब केन्द्र के बजट के बाद राज्य सरकार का बजट आया था, पर इस बार राज्य सरकार पहले बजट पेश कर रही है।
- गत साल दिसम्बर में बनी भजनलाल शर्मा की सरकार ने फरवरी में लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र पूर्ण बजट की बजाय चार माह का लेखानुदान पेश किया था जिसकी अवधि 31 जुलाई को खत्म हो रही है।
- समझा जाता है कि बजट से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा वित्तमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री ने अलग-अलग वर्गों के साथ जो चर्चाएं की थीं उसकी झलक बजट में नज़र आएगी।

जयपुर, 9 जुलाई (का.सं.)। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी राजस्थान सरकार का वर्ष 2024-25 का परिवर्तित बजट बुधवार को विधानसभा में पेश करेंगी। बजट को अंतिम रूप दिया जा चुका है। दीया कुमारी ने वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव अखिल अरोड़ा, वित्त विभाग (बजट) शासन सचिव देवाशीष पृष्टी, शासन सचिव वित्त (राजस्व) कृष्ण कान्त पाठक, शासन सचिव वित्त (व्यय) नरेश ठकराल और निदेशक वित्त (बजट) बृजेश किशोर शर्मा के साथ मंगलवार को राज्य के वर्ष 2024-25 के परिवर्तित बजट को अंतिम रूप दिया। बुधवार सुबह 11 बजे वित्त मंत्री के तौर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी बजट पेश करेंगी।

पिछली चार सरकार के कार्यकाल को देखें तो यह पहला मौका है जब राज्य सरकार केंद्र सरकार से पहले बजट पेश करेगी। वर्ष 2004 में जब लोकसभा चुनाव हुए थे तब केन्द्र का बजट 8 जुलाई को तो राज्य का बजट 12 जुलाई को पेश हुआ था। इसी तरह 2009 के लोकसभा चुनाव के बाद भी केन्द्र का बजट 6 जुलाई को तो राज्य का बजट 8 जुलाई को पेश हुआ। वर्ष 2014 में केन्द्र का बजट 10 जुलाई को तो राज्य का बजट 14 जुलाई को और 2019 में केन्द्र का बजट 5 जुलाई को तो राज्य का बजट 10 जुलाई को आया था। लेकिन 2024 में अभी तक केन्द्र का बजट नहीं आया लेकिन उससे पहले राज्य सरकार की ओर से बजट लाया जाएगा।

बता दें कि पिछले साल दिसंबर में बनी भजनलाल सरकार का यह पहला पूर्ण बजट होगा। इससे पहले फरवरी में सरकार ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लेखानुदान पेश किया था। यह लेखानुदान 4 महीने के लिए लाया गया था, लेखानुदान की समय सीमा 31 जुलाई को समाप्त हो रही है। ऐसे में सरकार 10 जुलाई

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 20 साल की सजा

जयपुर, 9 जुलाई। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर द्वितीय ने नाबालिग लड़की से ज्यादती

- केस में पीड़िता और उसके माता-पिता ने दुष्कर्म से इन्कार कर दिया था, पर, डी.एन.ए. रिपोर्ट्स के आधार पर पुनः अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया तथा 1.02 लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया।

करने वाले अभियुक्त रामस्वरूप को बीस साल की सजा से दंडित किया है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## प्रधानमंत्री मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बधाई दी

जयपुर, 9 जुलाई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रूस के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न सिर्फ भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी उनका योगदान अतुलनीय है। उन्हें प्रदान किया गया यह सम्मान विश्व बिरादरी में नए भारत की बढ़ती हुई धाक का प्रतीक है।

# कांग्रेस अभिषेक मनु सिंघवी को तेलंगाना से राज्यसभा में लायेगी

## हाईकमान ने तेलंगाना के मु.मंत्री को आदेश दिया था कि कांग्रेस के युवा सांसद अनिल यादव से राज्यसभा से इस्तीफा लेकर, अनिल यादव के स्थान पर अभिषेक मनु सिंघवी को तेलंगाना से राज्यसभा की सदस्यता दिलवायें

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- तेलंगाना के मु.मंत्री रैवन्त रेड्डी ने होशियारी से राजनीतिक पत्ते खेलते हाईकमान की इच्छा भी पूरी कर दी तथा नज़दीकी मित्र व वफादार अनिल यादव को बलि होने से भी बचा लिया।
- मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी ने तेलंगाना के पुराने कांग्रेसी नेता केशव राव, जो कि टी.आर.एस. के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के प्रभाव में आकर कांग्रेस छोड़ टी.आर.एस. में शामिल हो गए थे तथा राज्यसभा सदस्य भी थे, को पुनः कांग्रेस जॉइन करवाई तथा उनसे राज्यसभा की सीट से इस्तीफा दिलवाकर उन्हें अपना सलाहकार नियुक्त कर लिया।
- केशव राव के इस्तीफे से रिक्त हुई सीट पर अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा सदस्य बनाने की तैयारी है।

नई दिल्ली, 9 जुलाई। जाने माने वकील अभिषेक मनु सिंघवी को तेलंगाना से राज्यसभा में लाया जा रहा है। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी दी।

ज्ञात हुआ है कि कांग्रेस नेतृत्व ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी से कहा था कि वे अभिषेक मनु सिंघवी को अपने राज्य से राज्यसभा में लाए। रेड्डी को कहा गया था कि उन्हें युवा सांसद अनिल यादव का इस्तीफा लेना है और उनकी जगह सिंघवी को राज्यसभा में लाना है। रैवन्त रेड्डी ने इसके लिए कुछ समय मांगा था।

अनिल यादव मुख्यमंत्री के बेहद करीबी हैं और मुख्यमंत्री नहीं चाहते थे कि वे अपने पद से इस्तीफा दें। इसलिए उन्होंने बी.आर.एस. के सीनियर नेता केशव राव को कांग्रेस में शामिल होने के लिए राजी किया। राव ने उनकी बात मानी और मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी की उपस्थिति में वे कांग्रेस में शामिल हो गए।

केशव राव कांग्रेस के पुराने आदमी रहे हैं। वह पार्टी छोड़कर चन्द्रशेखर राव की तत्कालीन टी.आर.एस. और अब बी.आर.एस. में शामिल हो गए थे।

केशव राव ने अपनी राज्यसभा सीट से इस्तीफा दिया। अब इस सीट पर उपचुनाव होगा, जिसके जरिए अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा में लाया जाएगा। केशव राव को मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में हैदराबाद में ही एडजस्ट किया जा रहा है।

रैवन्त रेड्डी ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। उन्हे अपने युवा करीबी सहयोगी का बलिदान नहीं करना पड़ा। उन्होंने अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा में एडजस्ट करने पार्टी नेतृत्व के निर्देश की पालना की और केशव राव को कांग्रेस में शामिल कर राज्यसभा में पार्टी की सीटें भी बढ़ा लीं।

सूत्र कहते है कि सिंघवी कई अन्य राजनीतिक पार्टियों और राज्यों के माध्यम से राज्यसभा में एडजस्ट किए जा सकते थे, लेकिन ज्ञात हुआ है कि कांग्रेस चाहती थी कि सिंघवी उनकी पार्टी से राज्यसभा में जाए क्योंकि वे पार्टी के लिए कई कानूनी लड़ाईयां लड़ते रहे हैं।

स्मरण रहे कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के बागियों के वोट भाजपा खेमें में शिफ्ट हो जाने के कारण सिंघवी वहां से राज्यसभा चुनाव हार गए थे।

# चार दिन में दूसरी बार राहुल गांधी यू.पी. जा रहे हैं

## यू.पी. को इतना महत्व इसलिये दे रहे हैं राहुल, क्योंकि यू.पी. में निकट भविष्य में दस उपचुनाव (बाय इलैक्शन) हैं तथा इण्डिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में यू.पी. में मिली भारी सफलता का क्रम (मोमैन्टम) जारी रखना चाहता है

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इन दस उपचुनावों में से पांच पर गत विधानसभा में भाजपा व सहयोगी पार्टियाँ जीतीं थीं, तथा शेष पांच पर, इण्डिया गठबंधन का कब्जा था।
- राहुल गांधी, सपा नेता को प्रस्ताव देना चाहते हैं कि जिन सीटों पर सपा का कब्जा था, सपा उन पर जरूर चुनाव लड़े, पर, बाकी तीन चार सीटों पर कांग्रेस को चुनाव लड़ने दे।
- इन उपचुनावों के नतीजों का, योगी सरकार की स्थिरता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, पर, अगर इण्डिया गठबंधन ज्यादा सीटें जीतती है तो, इण्डिया गठबंधन के मनोबल पर भारी प्रभाव पड़ेगा। यह बात भाजपा पर लागू होती, विशेषकर मिल्कीपुर सीट की जीत-हार भाजपा के लिये बहुत प्रतीकात्मक महत्व रखती है।

नई दिल्ली, 9 जुलाई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रायबरेली यात्रा पिछले चार दिनों में उनकी दूसरी उत्तरप्रदेश यात्रा है। राहुल की इन यात्राओं को इंडिया ब्लॉक की इन योजनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है कि राज्य की 10 विधानसभा सीटों के लिये होने वाले उपचुनावों के लिये लोकसभा चुनावों के माहौल को बरकरार रखा जाये। राहुल शुक्रवार को हाथरस गये थे तथा भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों से मिले थे।

इन उपचुनावों को कराये जाने का कारण यह है कि सम्बन्धित सीटों के विधायक सांसद चुन लिये गये हैं। इसके

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## ए.डी.जे. भर्ती केस, हाई कोर्ट रजिस्ट्रार की एस.एल.पी. खारिज की सुप्रीम कोर्ट ने

जयपुर, 9 जुलाई (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने एडीजे भर्ती-2020 में वकील कोटे के 85 रिक्त पदों पर केवल चार अभ्यर्थियों को ही पद पर नियुक्ति के लिए चयनित करने के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट के 14 फरवरी

- हाई कोर्ट रजिस्ट्रार ने हाई कोर्ट द्वारा ए.डी.जे. भर्ती परीक्षा में कानूनविदों व प्रोफेसरों की कमेटी बनाए जाने के आदेश का विरोध किया था।

2024 के फैसले को बरकरार रखा है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार परीक्षा की ओर से पेश स्पेशल लीव पैटीशन (एस.एल.पी.) प्रारंभिक सुनवाई के स्तर पर ही खारिज कर दी।

दरअसल हाईकोर्ट प्रशासन ने हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें ए.डी.जे. भर्ती परीक्षा को

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# भारत-रूस संवाद से पहले प्र.मंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को गले लगाया

## यह एक अनायास, यूँ ही हो जाने वाला कृत्य नहीं था, वरन इसमें कई मैसेज छुपे थे तथा सोची समझी विदेश नीति के अनुरूप उठाया गया कदम था

-अंजर रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- पहली बात तो भारत यह मैसेज देना चाहता था कि भारत एक स्वतंत्र विदेश नीति के तहत काम करता है तथा किसी खेमे या ग्रुप से बंधा नहीं है।
- यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ैलैन्सकी तथा पश्चिमी देशों ने मोदी की, गले लगने की बात की जमकर निंदा की।
- शायद सिद्धांत की बात की जाये तो भारत को रूस के नजदीक दिखने का कोई "डिफैन्स" नहीं हो सकता, पर, भारत के जमीनी हालात, जैसे रूस पर पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस से खूब पैट्रोलियम खरीदा वह भी डिस्काउन्ट पर और भारत रूस से शस्त्र खरीदते रहना चाहता है।

नई दिल्ली, 9 जुलाई। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मॉस्को में होने वाली वार्ता से पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से गले मिले तथा इस प्रकार भारत ने पावर डिप्लोमेसी की दिशा में अपने कदम बढ़ाये। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति ने इसकी कटु आलोचना की है। पश्चिमी देश, जो रूस और पुतिन को अलग-थलग डाल देना चाहते हैं, भी भारत के इस प्रयास के घोर आलोचक हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ैलैंस्की ने भारत की कठोर आलोचना की है तथा कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतन्त्र को दुनिया के निकृष्टतम "अपराधी एवं तानाशाह" से गले मिलते हुये देखना बहुत तकलीफदेह है।

मौजूदा परिस्थितियों में भारतीय प्रधानमंत्री की रूस यात्रा का समर्थन एवं बचाव सैद्धान्तिक आधार पर शायद ही किया जा सके। आखिर रूस ने एक सम्प्रभुता-सम्पन्न देश पर हमला किया तथा आज भी उस देश की जमीन युद्धरत है। भारत सभी देशों की सम्प्रभुता एवं उनकी क्षेत्रीय अखंडता के लिये यू.एन.चार्टर का पूरी तरह समर्थन करता है। भारत अन्य देशों के क्षेत्र पर इस प्रकार के सभी आक्रमणों का भी विरोध करता है।

लेकिन फिर भी, भारत के सम्मुख ऐसे बहुत अधिक कूटनीतिक तथा वास्तविक राजनयिक लक्ष्य हैं जिनके चलते उसे रूस के साथ अपने परम्परागत एवं अच्छे सम्बन्धों को आगे बढ़ाना ही है। तथापि, भारत को अपनी स्वतन्त्र विदेश नीति की मुद्रा को भी बनाये रखना होता है।

भारत ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वह रूस की यूक्रेन पर कब्जा करने की कोशिश का समर्थन नहीं करता भारत ने अपना पूर्व रुख दोहराते हुए रूस से आग्रह किया था कि वे यूक्रेन में युद्ध बन्द कर दें।

भारत-रूस मित्रता रूस के साथ स्थायी सम्बन्ध बनाये रखना भारत के बहुत पुराने तथा सतत हितों की दिशा में उठाया गया एक और और कदम है।

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# सचिन पायलट ने टोंक जिले के भांची गाँव पहुँचकर पुलिसकर्मी खुशीराम बैरवा की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त की

## टोंक में ही पायलट ने बालिका सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण किया

- लोकार्पण के अवसर पर पायलट ने कहा, कि सरकार या जनप्रतिनिधि या किसी के भी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो भी पैसा व्यय किया जाता है, एक प्रकार का निवेश है।
- पायलट ने पुलिसकर्मी खुशीराम बैरवा के घर पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, कि बजरी के मामले में सरकार को कड़ा कदम उठाना चाहिए, अगर कोई गैर कानूनी काम हो रहा है तो प्रशासन और सरकार इससे अगर सख्ती से नहीं निपटेंगे तो अपराधियों में साहस बढ़ेगा। ऐसी घटनाओं (हैड कान्स्टेबल को टक्कर मारने जैसी) से लोगों का मनोबल टूटता है। यह नौजवान पुलिस में काम करता था, पूरी पुलिस फोर्स का मनोबल टूटेगा।
- उन्होंने इस संदर्भ में यह भी कहा कि हम लोग सदन के अंदर और बाहर मांग रखेंगे कि कोई भी अवैध कार्यवाही हो, कितना भी बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति हो, उसके कहने पर अगर सरकार आँख मूँद लेगी और यह गैर कानूनी कार्यवाही होती रहेगी तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

टोंक, 9 जुलाई (निसं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट ने मंगलवार को जिले के देवली भांची गांव में, पुलिसकर्मी कान्स्टेबल खुशीराम बैरवा की मौत पर संवेदना व्यक्त की तथा परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। ज्ञातव्य है कि कान्स्टेबल खुशीराम बैरवा की गत दिनों अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पायलट ने टोंक शहर में राजकीय बालिका सीनियर सैंकेंडरी स्कूल कोहना के नवीन भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पायलट ने कहा कि सरकार या जनप्रतिनिधि या किसी के भी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो भी पैसा व्यय किया जाता है, वह एक प्रकार का निवेश है।

इस दौरान पायलट ने कहा कि बॉर्डर पर स्थिति ठीक नहीं है, जवान शहीद हो रहे हैं। सीमापार से हमले हो रहे हैं जबकि सरकार सदन में दावा करती है कि सब कुछ ठीक हो गया है, स्थिति नियंत्रण में है लेकिन सीमा पार से हमारे नौजवानों पर हमला हो रहा है, जानें जा रही हैं, तो कहीं ना कहीं सरकार को जवाब देना पड़ेगा।

पुलिस कांस्टेबल की मृत्यु के बारे में बोलते हुए पायलट ने कहा कि बजरी के मामले में सरकार को कड़ा कदम उठाना चाहिए, अगर कोई गैरकानूनी काम हो रहा है, सरकार और प्रशासन इससे अगर सख्ती से नहीं निपटेगी तो अपराधियों का साहस बढ़ेगा। ऐसी घटनाओं (हेड कॉन्स्टेबल को टक्कर मारने जैसी घटना) से लोगों का मनोबल टूटता है। यह नौजवान पुलिस में काम करता था, पूरी पुलिस फोर्स का मनोबल टूटेगा। मैं तो सरकार से आग्रह करता हूं कि सारी बातें छोड़कर अगर गैरकानूनी गतिविधिया कहीं हो रही हैं तो उस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। हम लोग सदन के अंदर और बाहर मांग रखेंगे कि कोई भी अवैध कार्रवाई हो, कोई कितना

( शेष पृष्ठ 5 पर )



*टोंक विधायक एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बजरी माफिया के ट्रक से कुचलकर मारे गये कॉन्स्टेबल खुशीराम बैरवा के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पायलट ने मृतक कॉन्स्टेबल के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।*

## विचार बिन्दु

मानव का मानव होना ही उसकी जीत है, दानव होना हार है, और महामानव होना चमत्कार है। -डॉ. राधाकृष्णन

# राज बदलग्यो म्हाने कांई

राजस्थान के जाने-माने कवि गणेशीलाल 'उस्ताद' की एक कविता कभी बहुत गाई जाती थी। वह थी 'इण दिस सुख री पड़ी न झांई, राज बदलग्यो म्हाने कांई।' यह कविता आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी तब थी जब वह कवि उसे आधी सदी से भी पहले सुनाया करता था। पिछले ढाई दशक से तो इस प्रदेश में प्रत्येक पांच साल बाद राज बदलता रहा है। पिछले दिसंबर में हुए विधानसभा चुनावों के बाद अब फिर नई सरकार सचिवालय में काबिज है। पर क्या बदला है? सरकार चलाने वाले राजनेता बदल गए हैं। अनेक जन-प्रतिनिधि बदल गये हैं। नया निज़ाम है तो सचिवालय तथा अन्य सरकारी दफ्तरों के कमरों में कुछ अफसरों की अदलाबदली हो गई है। मंत्रियों के यहां लगने वाली भीड़ में नये चेहरे भी नज़र आने लगे हैं। लंबे समय से बार-बार ऐसे बदलाव देखते आये लोग अब भी पूछ रहे हैं कि, राज बदलग्यो म्हाने कांई ! जनता को राहतें देने वाले नारे नही बदले हैं। प्रचार-प्रसार के तौर-तरीके भी नहीं बदले हैं। पहले की तरह ही सड़कों पर सरकार के विज्ञापन करते पोस्टर और होर्डिंग बदस्तूर लगे हैं। अन्य प्रचार माध्यमों में भी नई सरकार अपनी पीठ उसी प्रकार खुद ही ठोकती उपस्थित है जैसे पिछली साकार थी। प्रचार में सिर्फ मुख्यमंत्री की तस्वीर बदली है। प्रचार-प्रसार के वही टोटके जारी हैं जो निर्वाचित नेताओं को आमजन से दूर करते हैं और सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में भटकाए रखते हैं। जनसंचार माध्यमों के अध्ययन बार-बार यही दोहराते रहे हैं कि बड़े-बड़े दावे करने वाले अति प्रचार से लक्षित समूह में अरुचि पैदा होती है क्योंकि उससे लोगों में यह धारणा पनपती है कि सरकार ज़मीन पर कुछ नहीं कर रही है इसलिए उसे प्रचार का सहारा लेना पड रहा है। विभिन्न अध्ययन बताते हैं कि अति प्रचार से प्रचारित विषय की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं कि लोकतंत्र में सबसे पहली प्राथमिकता नेता के जनता से जुड़ाव की होती है। यह जुड़ाव आभासी नहीं होता वह वास्तविक और व्यक्तिगत होता है। यह जुड़ाव नेता के लोगों से सीधे और लगातार संपर्क से होता है। राजनीतिक दलों के ज़मीनी कार्यकर्ताओं का ज़मीनी तंत्र इसमें उत्प्रेरक होता है। लेकिन मौजूदा दौर की विडंबना यह है कि आभासी प्रचार से अभिभूत शीर्ष राजनेता ऐसा मान बैठते हैं कि ट्वीटर और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म के जरिए आम जनता से उनका सतत जुड़ाव बना हुआ है, भले ही अपने ये हैंडल वे खुद न चलाते हों और इन्हें चलाने का जिम्मा जनसंचार का व्यवसाय करने वालों को सौंप रखा हो। उन्हें लगता है कि चुनावों में बाकी का काम उनकी जाति और धर्म आधारित भावनाओं से सनी राजनीति से हो जाएगा। अपने जाति समीकरणों को साधते हुए उन्हें ज़मीनी राजनीतिक कार्यकर्ताओं की कभी-कभी तारीफ कर उन्हें बहलाये रखने का इंतजाम जरूर करना पड़ता है। प्रचार विज्ञान में ओवर एक्सपोज़र और ओवर सैचुरेशन का पाठ भी पढ़ाया जाता, है मगर जी हजूरी वाले राज में अज्ञानी राजनेताओं को यह बताना कोई नहीं चाहता कि अति प्रचार की भीड़ में आप खो जाते हैं। एक समय के बाद लक्षित समूहों का ध्यान मीडिया प्रचार पर कम से कम होता चला जाता है। अति प्रचार से राजनेता अपने लक्षित समूहों द्वारा अनदेखा किए जाने का जोखिम उठाते हैं प्रचार में एक सीमा से ज्यादा जितना एक्सपोज़र होता है उतना ही दर्शक प्रस्तुत की जाने वाली चीज़ों को देखते-देखते ऊब जाते हैं। सरकारें तथा नेता अपने समर्थक और उनका भरोसा और वफ़ादारी भी खो देते हैं। जितना ज़्यादा लोग किसी चीज़ को देखते हैं, उनमें उनकी रुचि उतनी ही कम होती जाती है। इसकी भरपाई के लिए और ज़्यादा प्रचार की जरूरत महसूस होने लगती है ताकि लोगों की रुचि फिर से जगाई जा सके। यह एक दुष्चक्र है जिससे दर्शकों में फिर नई ऊब पैदा होती है। वास्तव में यह चक्र राज में बैठने वालों को बर्बाद कर रहा है। अति प्रचाररत नेताओं से लोग चिढ़ने भी लगते हैं। वफादार समर्थकों को तभी बनाए रखा जा सकता है जब उनसे सीधे-सीधे भौतिक धरातल पर वफादारी से ही संपर्क बना रहे। ऐसा संपर्क दुतरफा होता है। इससे नेता को भी ज़मीनी वाक़फ़ियत का पता चलता रहता है। आभासी इंफ्लुएन्सरों व प्रचारतंत्र के जरिए एकतरफा संवाद होता है। राजनेता को उनसे वापस कोई फीडबैक नहीं मिलता है। इंफ्लुएंसर तथा प्रचार एजेंसियां ठाकुर सुहाना फीडबैक ही देती है जिसके परिणाम चुनावों में बार-बार नज़र आते हैं।

**सरकार का काम ज़मीन पर बोलना चाहिए। अति प्रचार से लोगों में अपेक्षाएं बढ़ती हैं जिसे पूरी करने के लिए शासन की मशीनरी को चुस्त-दुरस्त बनाने के लिए राजनेताओं में न तो रुचि है और न वैसी काबिलियत है। वे अपने-अपने टापुओं में मरजीदानों से घिरे मगन रहते हैं और अपने हितों पर केंद्रित रहते हैं जिससे उनका भौतिक वैभव पीढ़ियों तक बना रहे।**

सरकार का काम ज़मीन पर बोलना चाहिए। अति प्रचार से लोगों में अपेक्षाएं बढ़ती हैं जिसे पूरी करने के लिए शासन की मशीनरी को चुस्त-दुरस्त बनाने के लिए राजनेताओं में न तो रुचि है और न वैसी काबिलियत है। वे अपने-अपने टापुओं में मरजीदानों से घिरे मगन रहते हैं और अपने हितों पर केंद्रित रहते हैं जिससे उनका भौतिक वैभव पीढ़ियों तक बना रहे। लोकतंत्र में प्रचार से हुआ अति एक्सपोज़र वास्तविक खतरा है जिसे कोई समझना नहीं चाहता। यही कारण है कि जनता अपने नेताओं तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं से तेजी से विमुख होती जा रही है। जब कहा जाता है कि लोकतंत्र कमजोर हो रहा है तो उसके पीछे आमजन का लोकतान्त्रिक संस्थाओं पर से भरोसा मिटना ही है। यह भरोसा जब टूटता है तो लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए मजबूरन भ्रष्टाचार की शरण में जाना पड़ता है। यह बुरी व्यवस्था संस्थागत व्यवस्था के साथ खड़ी हो जाती है। यह स्वाभाविक ही पूछा जा सकता है कि 'राज बदलग्यो म्हाने काईं' कहने वाले वास्तव में क्या चाहते हैं? उनकी क्या आशाएं, अपेक्षाएं और आकांक्षाएं क्या हैं? डिजिटल युग के पहले के संजीदा राजनेता इसे बखूबी समझते थे। हिंदुस्तान की आधी आबादी जिसके पास देश की केवल 10 प्रतिशत संपत्ति है, वह दस लाख से एक करोड़ रुपये दामों वाली महंगी कारें नहीं चाहती, वह अस्पतालों की 24 मंज़िली भव्य इमारतें नहीं चाहती, वह वह कुलीन सकूलें या सपने दिखाने वाले उच्च शिक्षा के संस्थान भी नहीं चाहती। वह देश की यह गरीब आबादी पेट भरने लायक काम चाहती है और युवाओं के लिए हाथ में कौशल देने वाली शिक्षा चाहती है। वह चाहती है चिकित्सा की सरकारी व्यवस्था में डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ, उसके साथ सम्मान का बर्ताव करे, उसका ठीक से इलाज करने के लिए पूरे समय मौजूद मिले और उसे निजी मुनाफेखोर व्यवस्था के कीचड़ में न धकेले। वह सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का बेहतर माहौल चाहती है जहां गर्मी की छुट्टियाँ खुलने के पहले दिन से ही सभी शिक्षक मौजूद रह कर बच्चों को गुणवत्ता वाली पढ़ाई कराना शुरू करें, उच्च शिक्षा के संस्थानों, जिनमें तकनीकी तथा प्रौद्योगिकी संस्थान शामिल हैं, में ठहरे पानी की सड़ांध की जगह नया निर्मल पानी आये और अकादमिक विषयों के साथ व्यावहारिक विषयों के अनुसंधान हों। युवाओं को केवल डिग्रियां नहीं वास्तविक कौशल वाली शिक्षा मिले। सभी स्वीकृत सरकारी पद भरे रहें। जहां-जहां आमजन का सरकारी व्यवस्था से वास्ता पड़ता है वहां उसकी लूट-खसोट न हो। जनता शासन से आकाश से तारे तोड़ कर लाने की अपेक्षाएं नहीं रखती है। जो शासन अपना मूल धर्म ही नहीं निभा सके वह किस काम का है? बढ़ती असमानता और लोगों की इस भावना को कि राज की व्यवस्था औसत व्यक्ति के विरुद्ध है, सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रचार करके कम नहीं किया जा सकता। उसे धरातल पर ही ठीक किया जा सकता है।

शासन तंत्र के ज़मीनी हालात, जहां आमजन भ्रष्टाचार की सीधी चोट खाता है, प्रचार के घटाटोप से नहीं छुपाये जा सकते। प्रत्येक भारतीय जीवन में एक बार अपना घर बनाने का सपना रखता है। क्या आज कोई यह कह सकता है कि राज्य के नगरीय निकायों में कहीं भी पंजीयन का काम बिना पैसे दिये होता है? वहां भ्रष्टाचार की व्यवस्था संस्थागत रूप ले चुकी है। इसी प्रकार यातायात और निर्माण विभागों में कैसे हाल है, उसे उनके ऑफिसों के बाहर पसरी चाय की थड़ियों पर चाय पिलाने वाले तक जानते हैं। मशहूर शायर मज़रूह सुल्तानपुरी की ये पंक्तियां याद आती हैं: जाने ना जाने गुल ही न जाने, बाग तो सारा जाने है। सच तो यह है कि प्रचार जनता और शासन के बीच कड़ी नहीं बन सकता। जनता और राजनेताओं के बीच बढ़ती खाई लोगों में खीज पैदा कर रही है तथा आशा, उत्साह और बेहतर भविष्य के लिये राज व्यवस्था पर लोगों का विश्वास डिगता चला जा रहा है। लोग क्या चाहते है? वे सिर्फ कानून का राज चाहते हैं। कानून के राज मतलब संविधान के अनुरूप राज्य। सबके लिये बराबरी का राज्य। संविधान के अनुरूप राज्य की व्यवस्था करना निर्वाचित सरकार का कर्तव्य है। संविधान का एक खंभा, कार्यपालिका, जिसका काम सबके साथ समता और न्याय का विधिसम्मत व्यवहार करना होता है वह अपने कर्तव्य से पूरी तरह च्युत है। उसमें लगे प्रमुख लोगों की राजनैतिक आकांक्षाएं भी अब परवान पर हैं जो उन्हें संवैधानिक दायित्व से च्युत करती है तथा पक्षपाती बनाती है। राज्य का निगरानी तंत्र बेशर्मी से भ्रष्टाचार की हद पार कर चुका है। कभी एक लोकोक्ति चलती थी कि निर्जला व्रत लिया हुआ कोई व्यक्ति यदि डुबकी लगा कर नदी के पेंदे में जाकर पानी पी आये तो भगवान शंकर को भी नहीं मालूम पड़ेगा। वहीं सर्वत्र हो रहा है। इसे धुआंधार प्रचार की ओढनी से छुपाया नहीं जा सकता। सब देख रहे हैं, मगर बदल कुछ नहीं रहा। इसीलिए यह कविता आज भी प्रासंगिक लगती है 'राज बदलग्यो म्हाने कांई।'

**-अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# कोई फर्क नहीं पड़ता है कि कोई हिन्दू है या मुसलमान



**महावीर सिंह**

आजकल चारों ओर जोरों से, भिन्न-भिन्न धर्मों को मानने वाले, बहुत से बन्धु धर्म के नाम पर नथुने फुला-फुला कर उठा भाषणबाजी करते सुने जाते है। टीवी डिबेट्स में यह अक्सर देखा जा सकता है। हाथापाई और गालीगलौज छोड़ कर आप उन धार्मिक लोगों का एक-दूसरे के प्रति आक्रोश देखिए और जज कीजिए कि क्या वे वास्तव में धर्म का मर्म समझते है?? वे धर्म की अपनी ही समझ को ही, ब्रह्म सत्य मान कर, दूसरों पर थोंपने के प्रयास में लगे रहते है। विभिन्न धर्मों के नाम पर दुकानें चलाने वाले, कुछ तथाकथित सामाजिक संगठन-दल या यों कहें सेनाएं और पॉलिटिशियन्स ऐसा अधिक करते है।

सार्वजनिक जगहों पर, सबसे उठा ऐसे नासमझों की जमात होती है जिन्हें धर्म का कक्का भी नही मालूम होता है किन्तु उनकी आंख पर पट्टा बांध कर, विशेष रूप से गढ़े नारों पर नाचने और नारे लगाने के लिए व्हिसल बजा दी जाती है। रुकने के लिए,जान बूझ कर, व्हिसल बजाई ही नही जाती। नासमझ कूदते रहते है। धर्म के प्रति निष्ठा अलग बात है किंतु अंध निष्ठा केवल बौद्धिक दिवालियापन है। पाठक दिल पर हाथ रख कर स्वयं उत्तर खोजें कि किस धर्म में धर्म के नाम पर मनसा, वाचा, कर्मणा हिंसा का उपदेश दिया है? सबमें ऐसे आचरण की वर्जना है।

जरा विचार करें--जन्म के समय बच्चे का धर्म क्या? कोई नही। केवल उसके माता-पिता का धर्म ही परिवार व समाज बच्चे का धर्म मानता है। माता-पिता भिन्न धर्मों के हों तो क्या? बच्चे का धर्म मा का या पिता का मान लिया जाता है। यदि समाज ज्यादा प्रभावी हो तो उनके द्वारा थोपा हुआ धर्म बच्चे का धर्म मान लिया जाता है। जिस रोज बच्चा स्वयं निर्णय लेने योग्य हो जाएगा तब वह मा का या पिता का या अन्य कोई या फिर कोई नहीं धर्म अपना सकता है। हाथ रखें दिल पर और उत्तर ढूंढें कि यह काम ईश्वर-खुदा-गॉड करता है? नहीं। किसी भी व्यक्ति का धर्म ईश्वर तय नहीं करता।

धर्म के नाम पर, किसी भी प्रकार की नफरत हिंसा करने के लिए सिखाए-पढ़ाए, अंधनिष्ठा वाले सामान्य लोगों की बात तो छोड़िए, अभी कुछ दिन पूर्व ही, दो सन्त पुरुष (यदि है तो) एक-दूसरे पर शब्द वाणों की बौछार कर रहे थे (आजकल तथाकथित संतों के बीच ऐसा युद्ध सामान्य से है!!!)--मुद्दा था राधा जी की जन्मस्थली बरसाना या कोई और जगह?? किस के पास 100 प्रतिशत पुख्ता प्रमाण है कि वे कहां पैदा हुई-- और यह कैसे महत्वपूर्ण है? महत्वपूर्ण तो राधा का संदेश है--कृष्ण अर्थात ईश्वर के प्रति राधा और समस्त बृज बालाओं का निश्छल,.गैरसंसारिक प्रेम। वो दोनों सन्त पुरुष जिस ढंग से एक-दूसरे के प्रति गुस्सा उगल रहे थे, लगता नहीं उनको राधा के निश्छल प्रेम की समझ भी होगी। ठीक है, कथावाचन से उनको धन प्राप्ति होती है। उनका व दूसरे अधिकांश ऐसे दूसरे लोगों का भी धर्म (जिसे वे अध्यात्म ज्ञान कहते है) अर्थार्जन तक ही होगा। 5,10 साल से ऐसे बहुत से ऐसे विख्यात-कुख्यात लोगों के नाम तो आम आदमी की जबान पर है। थोड़े-थोड़े अंतराल पर यह सूची बढ़ती ही रहती है।

किस धर्म में कहा गया है कि कोई पशु इतना पूजनीय है कि उसके नाम पर मानव हत्या कर दें? क्या किसी धर्म की पुस्तक में लिखा है कि कथावाचन या सत्संग में या मंदिर या मस्जिद में या धार्मिक तकरीरों, जुलूसों - के बारे में कोई व्यक्ति कोई प्रश्न पूछ ले तो उसे तिरस्कृत-अपमानित किया जाए या उसके साथ मारपीट की जाए? किस धर्म में जातीय आधार पर भेदभाव, अस्पर्शयता करने की सीख है?

क्या किसी धर्म में, वयं भगवान नें किन्ही विशेष व्यक्तियों, संगठनों को नामजद किया है कि भगवान, देवता के बारे में केवल व केवल वही बोलने, प्रवचन देने, व्याख्या करने के लिए अधिकृत है? उनकी समझ से भिन्न समझ रखने वाले ईश्वर-खुदा के बन्दे नहीं है क्या? यह मानने में क्या हर्ज है कि ऐसे लोगों को भी अपनी राय रखने का अधिकार है।

क्या कोई धर्म ग्रन्थ स्वयं ईश्वर नें लिखा है? लिखा है तो वह कौन सी प्रिय भाषा थी जिसमें ईश्वर नें वह ग्रन्थ रचा? क्या वह भाषा हिब्रू थी, संस्कृत थी, . फारसी थी, लैटिन या फिर अन्य कोई भाषा?

जो इस लेखक के समझ में आया वह यह है कि अधिक से अधिक यह कहा जाता है कि ईश्वर नें विभिन्न धर्म ग्रन्थों में उल्लेखित उपदेशों में से कुछ स्वयं बोले है। लिखने वाला ईश्वर नहीं- वह ओर कोई है, जिसने उन उपदेशों को सुना और दूसरों को सुनाया। जैसा सुनने वाले नें समझा वैसा उसने उस भाषा में लिखा जो उसको को आती थी।

वस्तुतः आज अधिकांस सत्संग, कथावाचन व धर्म के व्यवसायियों को वास्तविक धर्म जो सकारात्मक आत्मोत्थान के लिए होता है, जिसे साधरण समझ की भाषा में आध्यात्म कहते है उसकी इन लोगों को कोई खास समझ नहीं होती। सन्त पुरुष कभी न तो जमात में चलते और न जमात लगते, न नुमाइश करते हैं। कहा भी है-----"सिंहो के लहणे नहीं, हंसो की न पांत, लालों की न बोरियां, साधु चले न जमात"

बहुत आदमी से कहते सुने जा सकते है कि धर्म का प्रचार-प्रसार करना संविधान प्रदत साधिकार है, कोई कैसे भी करे। बिल्कुल है किंतु धर्म को समझा भी जाना चाहिए। किसी दूसरे धर्म की नफरती आलोचना का तो मूल अधिकार नहीं है, न। किसी के आस्था स्थलों, आस्था के ग्रन्थों के साथ बेअदबी का अधिकार तो नहीं, न??

भारत के संविधान में एक धारा ओर है जिसको लेकर कभी भी किसी राजनीतिक मंच, संसद आदि व धार्मिक व सामाजिक संगठनों में बात नही होती-- धारा 51ँ।

यह धारा भारत के नगरिकों के लिए उल्लेखित मूल दायित्वों को बताती है।

इसकी एक उपधारा 51ँ(ҫ) है। इसके अनुसार वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, मानवीय गुणों व किसी भी विषय-बात की पूरी जांच पड़ताल व सुधार का रास्ता1 अपनाना हर नागरिक का दायित्व है। कभी सुनी आपने इस पर कोई सार्वजनिक बहस या इसके लिए कोई राजकीय, नागरिक संगठनों के प्रयास???

कोई भी धर्म माने, किसी भी धर्म-देवता-पुस्तक में आस्था रखें किन्तु दूसरों को भी आपकी ही तरह ईश्वर के बन्दे समझें और उनको भी अपनी सोच, समझ, आस्था रखने दें। इंसानियत यही है जिससे समाज में प्रेम, भाईचारा कायम रहता है। हर, मोहल्ले, नुक्कड़ पर खुली अधिकांस धर्म व्यवसायियों की दुकानों व बड़े-बड़े मठाधीशों के पास ईश्वर से बात करने का कोई गुप्त राजमार्ग नहीं है।

**-महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएएस**

# मनरेगा कार्य के 50 श्रमिकों के मस्टरोलों में फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया

## मसूदा ग्राम पंचायत के मनरेगा कार्य के 50 श्रमिकों की डिमांड देखकर जनरेट किए गए मस्टरोल से जुड़ा हुआ है मामला

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा पंचायत समिति की रामगढ़ ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्य के मस्टरोलों में फर्जीवाड़ा कर सरकारी राशि गबन करने का मामला अभी ठंडा ही नहीं पड़ा कि मंगलवार को मसूदा ग्राम पंचायत के मनरेगा कार्य के 50 श्रमिकों के मस्टरोलों में फर्जीवाड़े करने का मामला सामने आ गया। मामले के तथ्यों के तह तक जाकर की गई जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है।

कि सम्बन्धित मनरेगा कार्य के लिए श्रमिकों की आई डिमांड के आधार पर मसूदा ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक राकेश साहू ने अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए उक्त नरेगा कार्य के नाम से 50 श्रमिकों के मस्टरोल जनरेट करने हेतु पंचायत समिति को लिख दिया। उधर संबंधित कार्य के मस्टरोल जारी होने से पहले ही जनरेट हुए मस्टरोलों में मेट मुकेश काठात व सीमा देवी ने एनएमएमएस ऐप पर श्रमिकों की उपस्थिति अपलोड करनी शुरू कर दी। जबकि मौके पर किसी प्रकार का कोई कार्य किसी भी श्रमिक द्वारा नहीं किया जा रहा था।

इस मामले का खास पहलू यह है कि मामला मीडिया कर्मियों की जानकारी में आने के बाद मामले को लेकर की गई जाँच पड़ताल के दौरान मामला मसूदा ग्राम पंचायत के संज्ञान में आने पर मसूदा ग्राम पंचायत सरपंच पुष्पकांत धूत व ग्राम विकास अधिकारी हेमराज दरोगा ने सम्बन्धित मस्टरोलों को पंचायत समिति कार्यालय में जमा करवाने के साथ ही पंचायत समिति के विकास अधिकारी को सम्बन्धित मेटों के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु भी लिख दिया।

- **मेटों ने जनरेट मस्टरोलों में एनएमएमएस ऐप से श्रमिकों की गलत तरीके से उपस्थित अपलोड करना शुरू कर दिया**
- **मामला जानकारी में आने पर मसूदा ग्राम पंचायत सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी ने मस्टरोलों को पंचायत समिति कार्यालय में जमा करवाया**
- **पंचायत समिति ने दोनों मेटों को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई करते हुए मसूदा ग्राम पंचायत को निर्देशित किया**

इस मामले को लेकर मसूदा ग्राम पंचायत सरपंच पुष्पकांत धूत व ग्राम विकास अधिकारी हेमराज दरोगा द्वारा मसूदा पंचायत समिति के विकास अधिकारी के नाम महात्मा गांधी नरेगा योजना में जारी मस्टरोलों को पुन: जमा करवाने हेतु लिखे पत्र में बताया कि बाबू के कुएं के पास नाडी खुदाई कार्य पर पखवाड़ा अवधि 5 जुलाई से 15 जुलाई के लिए 50 श्रमिकों की डिमांड देकर मस्टरोल जनरेट कर दिए गए परंतु मस्टरोलों के प्रिंट नहीं निकले तथा ना ही पंचायत समिति स्तर से मस्टरोल जारी किए गए। इसके बावजूद मेट मुकेश काठात व सीमा देवी ने गलत रुप से एनएमएमएस सिस्टम से श्रमिकों की गलत उपस्थित दर्ज कर दी गई।

इस मामले में की गई जांच पड़ताल में यह बिंदु भी सामने आया कि जिन फर्जी श्रमिकों की एमएमएन एस ऐप के द्वारा गलत तरीके से उपस्थिति अपलोड की गई उनमें जोधपुर में मजदूरी कर रहे श्रमिकों तक की फर्जी तरीके से उपस्थिति अपलोड करने की भी जानकारी सामने आई हैं।

बहरहाल इस मामले को लेकर मसूदा पंचायत के विकास अधिकारी ने संबंधित मेटों को ब्लैक लिस्टेड करने के लिए मसूदा ग्राम पंचायत को निर्देशित किया है।

श्रमिकों की डिमांड के आधार पर जनरेट किए गए मस्टरोलों में मेटों के द्वारा एमएमएस ऐप के द्वारा श्रमिकों की गलत तरीके से उपस्थिति अपलोड करने की जानकारी मिलने पर संबंधित मस्टरोलों को निकलवाकर पंचायत समिति कार्यालय में जमा करवाने के साथ ही संबंधित मेटों के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु पंचायत समिति के विकास अधिकारी को लिखा है।

पंचायत समिति स्तर से मिलने वाले आदेशों निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पांच करोड़ की लागत से तैयार पार्क की सड़क और चारदीवारी पहली बारिश में ही बही

## लोगों ने ठेकेदार और नगर परिषद प्रशासन पर मिलीभगत एवं लापरवाही के आरोप लगाए

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। हिंडौन शहर के सौंदर्य को चार चांद लगाने के लिए व लोगों के फुर्सत के पल को सुकून से गुजरने के लिए लगभग पांच करोड़ रुपए की लागत से तैयार किये गये पार्क की सड़क और चारदीवारी पहली बारिश में ही बह गई, जिससे घटिया निर्माण की पोल खुल गई। लोगों ने इसमें ठेकेदार और नगर परिषद प्रशासन पर मिलीभगत एवं लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

उल्लेखनीय है कि सरकार की योजना के अनुसार प्रत्येक शहर के सौंदर्य को विकसित करने के लिए और पार्क सेल्फी पॉइंट आदि विकसित करने के लिए प्रत्येक नगर निकाय को करोड़ों रुपए का बजट दिया गया था। जिसमें हिंडौन नगर परिषद में करौली रोड पर स्थित जल से तालाब के पेटे में ही एक पार्क विकसित कर दिया गया, जहां इस जगह को विकसित करने से पहले नगर परिषद की ओर से किए गए प्रचार-प्रसार से प्रभावित लोगों ने सरकार एवं नगर परिषद के कार्यों की काफी सराहना भी की।


- **हिंडौन सिटी शहर के सौंदर्य को चार चांद लगाने के लिए खर्च किए गए थे करोड़ों रुपए**

लोगों का आरोप है कि नगर परिषद प्रशासन और संवेदक की मिली भगत से पूरे किए गए इस पार्क के विकसित होने के काम में भारी औपचारिकता और लापरवाही बढ़ती गई। नगर परिषद प्रचार प्रसार किया था कि यह शहर के सौंदर्य में चार चांद लगाएगा। जहां लोगों के लिए दर्शनीय स्थल, सेल्फी प्वाइंट तैयार किया। तालाब की रोड साइड पर आई लव हिण्डौन का रोशनी युक्त बोर्ड भी लगाया गया है, जहां सेल्फी प्वाइंट पर लोग शहर के नाम के साथ सेल्फी ले सकेंगे। जलसेन तालाब में सौंदर्यीकरण कार्य के तहत बीच में 100 मीटर व्यास ऊंचा आईलैण्ड बनाया है। पानी के बीच हरियाली और रोशनी से लकदक टापू नुमा आईलैण्ड पर लोगों को झील और जलीय किनारे के पर्यटक स्थल का एहसास होगा ऐसा लोगों ने सोचा था।

जलसेन को शहरी पर्यटक स्थल के रूम में वाटर पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। पार्क में बनाई गई सड़क एवं चारदीवारी के निर्माण कार्य की पहले ही बारिश में पोल खुल गई है। सीसी सड़क के नीचे डाली गई मिट्टी जमीन के अंदर लगभग 5 से 6 फीट नीचे धंस गई है। सड़क पूरी तरह पोली खड़ी है, जिस पर आने जाने वाले लोगों के लिए कभी भी बड़ा खतरा हो सकता है। इसके अलावा इस तालाब में बनाई गई चारदीवारी जिसमें केवल मिट्टी पर पत्थरों को बिना कोई सीमेंट आदि के सहारे के रख दिया गया। अब ये बारिश में मिट्टी के तक जाने से पूरी तरह तहस नहस चुके हैं।

नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष दिनेश सैनी ने इस मामले में नगद प्रसाद प्रशासन और संवेदक पर पूरी तरह लापरवाही और मिलीभगत के आरोप लगाते हुए मामले की जांच करवाने की मांग की है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### बुधवार 10 जुलाई, 2024

आषाढ़ मास, शुकल पक्ष, चतुरथी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, मघा नक्षत्र दिन 10:15 तक, व्यतिपात योग रात्रि 3:09 तक, विष्टि करण प्रात: 7:52 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मेष, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज रवियोग दिन 10:15 तक है। कुमार योग प्रात: 7:52 से दिन 10:15 तक है। भद्रा प्रात: 7:52 तक रहेगी। शुक्र बाल्यव्य रात्रि 9:03 पर समाप्त होगा। आज व्यतिपात पुण्य है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:08 तक, शुभ 10:50 से 12:12 तक, चर 3:56 से 5:38 तक, लाभ 5:38 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:44, सूर्यास्त 7:20

### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी और व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।

### वृष

घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

### मिथुन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

### कर्क

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह

नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### कन्या

आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

### तुला

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

### वृश्चिक


व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।


### धनु

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### मकर

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

### कुंभ

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मीन

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

## पौधारोपण अभियान चलाया

**भरतपुर** (निस)। मिशन ठीन भरतपुर के तहत पर्यावरणविद बच्चू सिंह वर्मा द्वारा कुम्हेर गेट चौराहे से किसान भवन के सामने डिवाइडर पर 451 पौधे लगाकर उनके देखवाल का संकल्प लिया गया। पर्यावरण विद वर्मा ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बनता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। समय रहते प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा। प्राकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए भी वृक्षारोपण बहुत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण को स्वस्थ्य और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। साथ ही अपने द्वारा लगाए गए पौधे की देखरेख अवश्य करें। पर्यावरण प्रेमी राहुल मदेरणा ने बताया कि पिछले एक महीने से लगातार शहर के विभिन्न स्थानो पर पर्यावरण विद बच्चू सिंह वर्मा द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। मिशन ठीन भरतपुर के तहत कुम्हेर गेट चौराहे से अखड्ढ चौराहे के बीच डिवाइडर पर 800 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमे पहले चरण की शुरुआत में कुम्हेर गेट चौराहे से किसान भवन के सामने डिवाइडर पर अभी तक 451 पौधे लगाए।

# 7 साल से फरार चल रहा 28 हजार का इनामी बदमाश पकड़ा

## बदमाश दारा सिंह चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, अवैध वसूली को लेकर धौलपुर जिले के टॉप टेन अपराधियों की लिस्ट में शामिल है

**धौलपुर**। धौलपुर जिले की सैंपऊ थाना पुलिस ने दिहौली पुलिस और डीएसटी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए 7 साल से फरार चल रहे ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की गिरफ्त में आया बदमाश दारा सिंह चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, अवैध वसूली को लेकर धौलपुर जिले के टॉप टेन अपराधियों की लिस्ट में शामिल है। जिस पर 28 हजार रुपये का ईनाम घोषित है। जो सैंपऊ थाने के 3 मुकदमों में 7 साल से फरार चल रहा था। पुलिस अब विभिन्न मामलों को लेकर गिरफ्त में आए बदमाश से पूछताछ कर रही है।

थाना प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया कि फरार 26 वर्षीय बदमाश दारा सिंह उर्फ धारा सिंह पुत्र भरत सिंह गुर्जर निवासी अतिराज का पुरा खिरकारी थाना बाडी सदर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसे आरी कोलुआ के जंगलों से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी कर लिए 3 टीमों का गठन किया गया था। जिसके बाद धौलपुर डीएसटी टीम आरएसी के कांस्टेबल कुलदीप सिंह और नरेश कुमार शर्मा की खास सूचना पर गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया कि डीएसटी टीम व दिहोली पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बदमाश दारा सिंह को आरी कोलुआ के जंगलो से घेराबन्दी कर पकडने में सफलता हासिल की है। इसके खिलाफ सैंपऊ थाने पर विभिन्न धाराओ में तीन मुकदमें दर्ज हैं, जिनमें यह 7 साल से फरार चल रहा था। पूछताछ के बाद बदमाश दारा सिंह को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई टीम में एएसआई राजेश सिंह आईसी पुलिस थाना सैंपऊ, कांस्टेबल अजय सिंह, गीतमसिंह, गजेन्द्र सिंह, चालक देवेन्द्र सिंह के साथ डीएसटी टीम के कांस्टेबल रुपेन्द्र सिंह, कुलदीप परमार, और चालक राजकुमार शामिल रहे। साथ ही दिहौली थाने के थाना प्रभारी परमजीत सिंह, कांस्टेबल रिन्कू, सत्यपाल और थाना कौलारी से रविन्द्र सिंह भी कार्रवाई में शामिल रहे।



धौलपुर जिले की सैंपऊ थाना पुलिस ने दिहौली पुलिस और डीएसटी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए 7 साल से फरार चल रहे ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

## अभद्रत पर रेक्सको कम्पनी को नोटिस जारी

**भरतपुर** (निस)। आरबीएम चिकित्सालय में सुरक्षा गार्डों द्वारा मरीज के परिजनों से की गई अभद्रता को संज्ञान में लेकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. नगेन्द्र सिंह भदौरिया ने सुरक्षा गार्ड कम्पनी के सुपरवाईजर को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तथा सम्पूर्ण प्रकरण के बारे में अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. भदौरिया ने बताया कि 3 जुलाई को अस्पताल के आईसीयू परिसर में मरीज के परिजनों के साथ गार्ड द्वारा अभद्र व्यवहार करने की जानकारी प्राप्त होने पर इसे अस्पताल प्रशासन द्वारा गम्भीरता से लिया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में आने वाले प्रत्येक रोगी को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप मान सम्मान के साथ इलाज की सुविधा मिले, सरकार की योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 3 जुलाई की घटना किन कारणों से घटित हुई तथा उस समय कौन गार्ड था इसकी जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में रेक्सको कम्पनी द्वारा सुरक्षा गार्ड उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। इसके लिए अस्पताल के आइसीयू परिसर में चार सुरक्षा गार्ड तैनात किये हैं। उन्होंने रेक्सको कम्पनी के सुपरवाईजर निहाल सिंह को नोटिस जारी कर सम्पूर्ण वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके।

## सार-समाचार

### धोखाधड़ी के 3 आरोपी गिरफ्तार



गंगापुर सिटी पुलिस ने जमीन संबंधित धोखाधडी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया ।

**गंगापुर सिटी** 9 जुलाई। वजीरपुर थाना पुलिस ने जमीन संबंधित धोखाधडी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने खातेदारी भूमि को हडपने के लिए फर्जीवाडा किया। एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि परिवादी भौती पत्नी कलुआ उर्फ वालाराम कोली निवासी वजीरपुर की खातेदारी की भूमि को हडपने के लिए आरोपियों ने फर्जीवाडा किया। वजीरपुर थानाधिकारी विजय सिंह छौकर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी रमेशचंद पुत्र दयाचंद कोली निवासी वजीरपुर, हरिसिंह पुत्र दयाचंद और सुरेशचंद को गिरफ्तार किया है।

### 'बागवानी से किसान की बढ़ती है आय'

**कुम्हेर** (निस)। आम फसलों की खेती के साथ बागवानी करने से किसान की आय बढ़ती हैं क्योंकि जहाँ आम फसलों जैसे गैंहूँ, जौ, सरसों, ज्वार, बाजरा, दलहनी फसले आदि से औसतन 70-80 हजार रूपये प्रति हेक्टर आय मिलती हैं, वहीं बागवानी फसलें जैसे आम, अमरूद, आंवला, अनार, नींबू व सब्जियों की फसलों से 2.5 से 3 लाख रूपये तक कुल आमदनी मिल सकती है। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि वर्षा ऋतु में किसान अपनी आमदनी बढाने के लिए फलदार पौधों के बगीचे रोपे क्योंकि जमीन व वातावरण में पर्याप्त नमी तथा उचित तापमान होने के कारण इस ऋतु में कोई भी पौधा आसानी से लग जाता हैं। किसान ध्यान रखें कि फलदार बगीचा कम से कम एक एकड़ में लगावे क्योंकि एक एकड़ से कम बगीचा आर्थिक रूप से लाभकारी नहीं होता हैं। डॉ. उदय भान सिंह के अनुसार आधुनिक तकनीक में फलों की सघन खेती का प्रचलन बढ़ रहा हैं। वैर में किसान सुरेष धाकड़ ने अमरूद के 300 पौधे प्रति हेक्टर के बजाय, 3600 पौधे प्रति हेक्टर लगाये हैं। सुरेष धाकड़ के अनुसार सघन खेती में शुरू के 5 वर्षो में प्रति इकाई क्षेत्रफल 12 गुना अधिक उत्पादन मिलता हैं।

## बारातियों को भेंट में दिया पौधा

**धौलपुर**। बेटी की शादी में यूं तो कोई अपने बारातियों को चांदी का सिक्का देता है या दान स्वरूप कोई उपहार। लेकिन यदि बेटी की शादी में पर्यावरण को बचाने के लिए बारातियों को पौधा दिया जाए तो थोड़ा अचरज सा होता है। लेकिन इस अनूठी पहल को धौलपुर जिले के बाड़ी में साकार किया है। बाड़ी उपखंड के चिलाचोंद गांव के एक अध्यापक ने, जिनकी बेटी नीलम की शादी भरतपुर निवासी धर्मवीर मीणा के पुत्र हरेंद्र के साथ हो रही थी।

ऐसे में जब बारात आई और स्वागत के बाद भोजन के लिए बाराती बिठाए गए तो उन्हें पिता और उसके रिश्तेदारों ने एक-एक पौधे की किट भेंट स्वरूप दी और सभी से हाथ जोड़कर संकल्प लिया कि इन पौधों को उचित स्थान पर लगाकर उनकी देखभाल करेंगे। पौधा वितरण की इस अनूठी पहल को लेकर अध्यापक रामविलास रावत ने बताया कि हम जंगल से जुड़े हुए हैं। बिना जंगल के मानव का जीवन संभव नहीं है। आज स्थिति यह आ गई है कि जंगल के साथ पर्यावरण खतरे में है। जिसके पीछे हम ही सबसे अधिक जिम्मेदार हैं लेकिन इस जिम्मेदारी से अब हमको ही निपटना होगा। जिसके लिए हर एक व्यक्ति का पौधा लगाना जरूरी है। उनकी बेटी नीलम की शादी भरतपुर निवासी धर्मवीर मीणा के पुत्र हरेंद्र के साथ से तय हुई, जो आज बाड़ी के संतनगर रोड़ स्थित एक निजी मेरिज होम से की गई। उक्त शादी में बेटी के बारात में आए मेहमानों को क्या उपहार दिया जाए इसको लेकर उन्होंने काफी सोच समझ के बाद निर्णय लिया कि वह हर बाराती को पौधे और उसके लिए जरूरी कुछ सामान सहित एक किट भेंट करेंगे ।

## हरे पेड़ों की कटाई जारी

**नदबई**, (निसं)। प्रशासन, वन विभाग, समाजसेवी एवं वनप्रेमी एक ओर धरती को हरियाली युक्त और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए पौधारोपण करने में जुटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर वन माफिया और आरा मशीन मालिक खुलेआम हरे और प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई कर धरती की हरियाली को उजाड़ने में लगे हुए हैं।

क्षेत्र में कई गांवों में अवैध आरा मशीनें चल रही है, जहां हरे पेड़ों की कटाई जारी है। प्रशासन, पुलिस और वन विभाग के कुछ आलाधिरियों की कृपा दृष्टि बने होने से वन माफिया एवं अवैध आरा मशीन मालिकों के हौसले बुलन्द हैं। आए दिन हरियाली गायब होता देख वन प्रेमी दुःखी है और लोगों ने मुख्यमंत्री व वन मंत्री सहित वन विभाग के आलाधिकारियों को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन भेजकर अवैध आरा मशीन की रोकथाम एवं वन माफियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## 'पुरानी फाईलों को अनुभागवार पोर्टल पर अपलोड करें'

**भरतपुर** (निस)। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग में वित्तीय सलाहकार एवं कार्यकारी निदेशक राजस्थान संवाद डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं वित्तीय पत्रावलियों के संधारण का अवलोकन किया। डॉ. सिंह ने कहा कि जन सम्पर्क विभाग सरकार की मंशा के अनुरूप जन जन तक सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों को पहुँचाने का कार्य करता है। इसके लिये कार्यालय के सभी कार्मिक टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण कर पत्रावलियों के संधारण का जायजा लिया तथा अनुभागवार प्रतिमाह निस्तारित की जा रही पत्रावलियां को जांच कर पारदर्शिता से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक राजकाज पोर्टल के माध्यम से ही पत्रावलियों को निस्तारित करें तथा पुरानी फाईलों को अनुभागवार पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने राजस्थान संवाद में प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से नियुक्त कार्मिकों के वेतन, राजस्थान संवाद से क्रय की जा रही सामठाी, बजट की उपलब्धता एवं पत्रकार मेडिकल डायरी के संबंध में भुगतान की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।



भरतपुर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग कार्यालय का कार्यकारी निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने आकस्मिक निरीक्षण किया।

## परीक्षा में धांधली पर विरोध प्रदर्शन

**गंगापुर सिटी** 9 जुलाई। नीट परीक्षा में हुई धांधली व पेपर लीक से देश के छात्रों का भविष्य खराब करने वाली केन्द्र की नरेन्द्र मोदी लीकेज सरकार के खिलाफ इंडिया यूथ फ्रंट के विरोध प्रदर्शन में देश व प्रदेश से पहुंचे, सवाई माधोपुर एवं गंगापुर सिटी जिले के युवा कांग्रेस कार्यकर्ता युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुबह सिंह सैमाडा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता युवा कांग्रेस कार्यालय पहुंच रैली के रूप में जंतर-मंतर पहुंचे। जब तक पीडति छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक युवा कांग्रेस सडको पर अपनी लडाई जारी रखेगी। इस दौरान प्रमुख रूप से राजस्थान युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद, प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष यशवीर शूरा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुबह सिंह सैमाडा, जिला महासचिव विनोद मुराडा, नरेन्द्र झार्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।


### आम सूचना

मैं रफी अहमद जाति- मुसलमान, निवासी-पाठक पड़ा, हिंडौन सिटी, जिला-करौली (राजस्थान) शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र अलमास अली गलत संगत में आ गया है और उसका चाल चलन गलत है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं अगर कोई व्यक्ति उससे लेनदेन करता है या वह किसी से गलत आचरण करता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं उसी की होगी।

**न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश क्रम सं.1 गंगापुर सिटी**
238 दि. 28.6.2024
तुलसीराम बनाम हरखास आम वगेहरा
प्रार्थना पत्र जारी करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मुकदमा नं. - 7/24
नोटिस बनाम हरखास आम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तुलसीराम जायसवाल पुत्र स्व. सत्यनारायण आयु 34 साल निवासी फव्वारा चौक नविया की हवेली के पास गंगापुर सिटी जिला गंगापुर सिटी (राजस्थान) ने इस न्यायालय में प्रस्तुत होकर अपनी माता सन्तरा देवी पत्नि सत्यनारायण जायसवाल निवासी गंगापुर सिटी के सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा उदेई मोड गंगापुर सिटी में खाता सं. 3906674641 में जमा राशि तथा भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा गंगापुर सिटी में पॉलिसी नम्बर LICCBN 8905758719 की प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) राशि प्राप्त करने हेतु प्रार्थी को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। लिहाजा जिस व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस न्यायालय में निश्चित दिनांक 1.8.2024 को समय 10:30 ए.एम. बजे पर असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना वाद गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी एवं प्रार्थना पत्र एकतरफा में सुनकर फैसल कर दिया जा वेगा। बसप्त मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 28.6.24 को जारी किया गया।

(मुहर) आज्ञा से-रीडर
अपर जिला न्यायाधीश सं.1
गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राज.)


# नहर योजना में भाजपा की अब दिलचस्पी नहीं : कांग्रेस

**हलैना** (निस)। किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने कहा कि ईआरसीपी को लेकर भाजपा ने लोकसभा चुनाव से पहले जो दिलचस्पी दिखाई थी अब तो दिखाई नहीं दे रही।

राजस्थान सरकार को इस योजना पर शीघ्र कार्य शुरू करना चाहिये। ईआरसीपी संघर्ष समिति के प्रमुख किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि राज्य की राजनीति में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का मुद्दा प्रमुख था और इसी मुद्दे को उठाकर भाजपा विधानसभा चुनाव में जीत कर आई। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा पर भरोसा किया था सरकार बनाई। राज्य सरकार ने इआरसीपी में पीकेसी और जोडी तथा केन्द्र सरकार द्वारा समझौता के तहत इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित तो किया गया लेकिन मध्यप्रदेश के साथ पानी का जो समझौता एमओयू हुआ उसे सर्वजनिक नहीं किया गया जिसकी वजह से किसानों में संदेह पैदा हुआ और उसका नुकसान भाजपा को लोकसभा चुनाव में उठाना पड़ा। किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि आश्चर्य तो इस बात पर है कि अभी तक इसकी नई डीपीआर भी तैयार नहीं हुई और जो जिम्मेदार अधिकारी इस काम तो देख रहे है वो कोई भी जानकारी नहीं देना चहाते। सरकार को कमसेकम इस पर आपनी बात स्पष्टता से रखनी चाहिये। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता विधानसभा चुनावों में तो इस मुद्दो को जोरशोर से उठाते थे लेकिन अब चुप्पी साधै बैठे है। उन्होंने कहा कि हम पानी की लड़ाई वर्ष 2007 से लगातार लड रहे है और जरूरत पड़ेगी तो आगे भी लड़ेगे। वैसे भी यह योजना बहुत लेट हो चुकी है और इसकी लागत भी बढ़ती जा रही है। इस योजना पर सरकार को मोटा वजट देकर शीघ्र कार्य आरम्भ करना चाहिये।

## चेक दिया

**भरतपुर** (निस)। स्वास्थ्य मंदिर द्वारा गरीब छात्रों के लिए चल रहे शिक्षामित्र अभियान के अंतर्गत मंगलवार को गांव हथेनी की होनहार छात्रा शिवानी सिंह को हैदराबाद की हिंदी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में चयनित होने पर उसकी 21000 रुपए फीस का चेक डॉ दिगंबर सिंह एवं संदीप श्रीवास्तव द्वारा भामाशाह डॉ मानवेंद्र चतुर्वेदी, गोपाल रसोई के निदेशक दीनदयाल गोयल, भूपेंद्र सिंह मीणा, चिराग सिंघल, डॉ आकांक्षा गोधरा, पिकासो गर्ग के सहयोग प्रदान किया गया। शिक्षामित्र प्रकल्प के प्रभारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि शिवानी सिंह ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी टेस्ट में भरतपुर से प्रथम स्थान प्राप्त होने पर उसे हैदराबाद की सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्राप्त हुई। शिवानी सिंह के पिता लापता है व मां मजदूरी करके घर का चलाती है।

## 8 साइबर ठग गिरफ्तार, 60 हजार रूपये भी जब्त

**जुरहरा** (निस)। स्थानीय थाना पुलिस ने रेंज स्पेशल टीम के कांस्टेबल अभिमन्यु की सूचना पर रेंज स्पेशल टीम व जिला स्पेशल टीम के सहयोग से ग्राम सतपुडा में मोबाईल लोकेशन के आधार पर चोरी के मोबाईलों व फर्जी सिमों के सप्लायर सहरून व आकिल समेत कुल 8 सायबर ठगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14 एंड्रॉयड मोबाईल फोन व 22 फर्जी सिम कार्ड तथा सायबर ठगी से प्राप्त 60 हजार रूपये बरामद किए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जुरहरा थाना पुलिस ने स्पेशल टीम के सहयोग से कार्यवाही करते हुए सहरून पुत्र इकबाल जाति मेव निवासी ठााम कंचननेर थाना जुरहरा जिला डीग, आकिल पुत्र शहजाद जाति मेव निवासी ठााम कंचननेर थाना जुरहरा जिला डीग, साहिल पुत्र समीम जाति मेव निवासी ठााम भंडारा थाना जुरहरा जिला डीग, अल्ताफ पुत्र मजीद जाति मेव निवासी ठााम सतपुडा थाना जुरहरा जिला डीग, आमिर खेडली नानू थाना जुरहरा जिला डीग, लियाकत थाना जुरहरा जिला डीग, समीम पुत्र सादी जाति मेव निवासी ठााम भंडारा थाना जुरहरा जिला डीग व रिजवान पुत्र सुमेर जाति मेव निवासी ग्राम गावंडी थाना जुरहरा जिला डीग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 एंड्रॉयड मोबाईल फोन बरामद किए।

## गुरू पूर्णिमा महोत्सव 21 को

**गंगापुर सिटी** । श्री राम कथा समिति बाल मुरारी बापू विश्वधाम आश्रम के शिष्यों की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र दुसाद ने बताया कि गुरू पूर्णिमा महोत्सव रविवार को खण्डेलवाल धर्मशाला पर मनाया जावेगा। गुरू पूजन सुबह 1० बजे से 12 बजे तक होगा। सभी गुरू शिष्यों का सपरिवार गुरू प्रसादी का भी आयोजन रखा गया है।

## बंद पड़े पानी पम्प सेटों का भुगतान

**भरतपुर** (निस)। मानसून के दिनों में निगम क्षेत्र की कई कॉलोनी जलभराव से जूझ रही हैं। नालों की सफाई का दावा करने वाला निगम पम्प सेटों द्वारा पानी को निकलवा रहा है। जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड मुख्यमंत्री आवास से मात्र 50 मीटर की दूरी पर एक सरकारी भूखंड एवं एक हाउसिंग बोर्ड का भूखंड जो सामुदायिक भवन के सामने स्थित है।


स्थानीय निवासियों के लिए जानलेवा बीमारी बनी हुई है। पिछले 20 वर्षों से ये दोनों बड़े भूखंड गंदगी का ढेर समेटे हैं। वार्ड पार्षद दीपक मुदगल ने बताया कि नगर निगम भरतपुर एवं जिला प्रशासन को इस संदर्भ में कई बार लिखित में ज्ञापन दे चुके हैं। 3 जनवरी 2022 को मुख्य सचिव राजस्थान के भरतपुर आगमन पर लिखित में देकर मौका भी दिखाया। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। वर्षात के दिनों में दोनों प्लाटों में जलभराव इतना हो गया है कि आस पास के लोगों का बाहर निकलना दुभर हो गया है। घरों के अंदर तक पानी और गंदगी जमा हो जाती है। वर्षाती कीडे मकोडों के डर से बच्चे भी बाहर नहीं निकलते। सरकारी भूखंड होने के कारण इन प्लाटों पर कोई भी कार्यवाही नहीं होती है। पार्षद ने आठाह किया है कि जब निगम के आर्थिक हालात खराब हैं तो निगम प्रशासन को सख्ती बरतते हुए किताबी खर्चों पर अंकुश लगाया जाए और सही से निरीक्षण कर वास्तविक और जनता को राहत मिलने वाले कार्यों पर उचित खर्च किया जाए।

# माली समाज के छात्रावास में 800 पौधे रोपे

## प्रण लिया कि बरसात के मौसम में छात्रावास सहित अपने घर आसपास पांच पांच पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करेंगे

**करौली** (नि.स.)। महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान करौली के तत्वावधान में आज माली समाज के जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास परिसर में विभिन्न किस्म के 800 पौधे रोपे गए जिसमें पीली कनेर, लाल कनेर, गुड़हल, इमली, अर्जुन, नींबू, जामुन, कुवैत आदि किस्मों के पौधे लगाए गए।

महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान अध्यक्ष प्रेम सिंह माली, कर्मचारी संघ अध्यक्ष तुलसीराम सैनी, ब्रज के चार धाम सेवा समिति करौली के अध्यक्ष मिश्रीलाल मेड़िया और सैनी हरि कीर्तन मंडल नकटीपुरा के मेडिंया रामेश्वर,पप्पू लाल,सोहनलाल के नेतृत्व में संस्थान पदाधिकारी,सदस्यों,मातृशक्ति युवा शक्ति एवं सभी जागरूक पंच पटेलो ने भाग लेकर छात्रावास परिसर में लगभग 800 से अधिक पेड पौधे लगाए गए । संस्थान अध्यक्ष प्रेम सिंह माली ने बताया कि माली समाज के छात्रावास परिसर में महात्मा फुले की मूर्ति ग्राउंड पर आज विशेष रूप से फूल और फलों के पौधे रोपे गए जिसमें संस्थान पदाधिकारी ,सदस्यों, कर्मचारी संघ , ब्रज के चार धाम गोवर्धन सेवा समिति करौली, सैनी हरि कीर्तन मंडल नकटीपुरा पुरा, सैनी महिला मंडल सहित सैंकडों युवाओं ने भाग लेकर पौधारोपण में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर सभी ने प्रण लिया कि आगामी बरसात के मौसम में छात्रावास सहित अपने घर आसपास पांच पांच पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करेंगे। इस दौरान संस्था सचिव रामगोपाल माली, रामजीलाल खूबनगर, संस्थान के सक्रिय कार्यकर्ता गोपाल लाल माली, बृजमोहन ठेकेदार, महेश कुशवाहा, रामदयाल कोतवाल, लक्ष्मण सिंह, गीता, वीणा , सुनीता, लीलावती , कमलेश, रामकुमार, मुकेश, नाहरसिंह, कुलदीप, बाबूलाल, रूपसिंह ड्राइवर, हुकुम अध्यक्ष,पप्पू लाल, गिरिराज ठेकेदार, लाला भगत, पटेल जमल, कल्ली,बाबू मेंबर, शिवचरण मेंबर , धर्मी माली, गजानन, राधेश्याम,विनय ,रोबिन, राजकुमार, सहित बड़ी संख्या में समाज महिला, पुरुष , युवा समाजसेवी उपस्थित रहे।



महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान करौली के तत्वावधान में माली समाज के जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास परिसर में विभिन्न किस्म के 800 पौधे रोपे गए।

## छात्रों का सम्मान 21 को

**भरतपुर** (निस)। श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला समिति भरतपुर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 21 जुलाई रविवार को प्रातः 9.30 बजे व्यायामशाला पर भरतपुर जिले का नाम गौरवान्वित करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त खिलाडियों का सम्मान किया जायेगा। व्यायामशाला के महासचिव चुन्नी कप्तान ने बताया कि गौरव सिंघल का आई.ए.एस. में चयन होने पर, विश्वजीत होल्कर का आई.ए.एस. में चयन होने पर, रवि मीना बयाना का आईएएस में चयन होने पर, रोशनी शर्मा सरस्वती मार्डन टैक्नोलोजी पार्क सेवर की छात्रा का कक्षा 10 में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर, तनिष्का बंसल छात्रा सोनी एकेडमी स्कूल भरतपुर का कक्षा 10. में जिले में टापर 99.17 प्रतिशत लाने पर, जिज्ञासा चहार छात्रा राउमावि तमामड सेवर का कक्षा 10 में 98 प्रतिशत अंक लाने पर, शिवानी कटारा छात्र मानव भारती स्कूल वावुला, कुम्हेर, का कक्षा 10 में 98 प्रतिशत अंक लाने पर, रिमझिम अठावाल छात्रा विवेकानंद सी.सै.स्कूल भरतपुर, का कक्षा 12 में 98.89 प्रतिशत अंक लाने पर, मुदित अठावाल छात्र विवेकानंद सी.सै.स्कूल भरतपुर का कॉमर्स में संभाग में टापर 96.20 प्रतिशत अंक लाने पर, भविक शर्मा मोहित गुप्ता, मोक्ष गुप्ता, पुनीत फौजदार पीरनगर भरतपुर का बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक विजेता बनने पर सम्मान किया जाएगा।


### कार्यालय ग्राम पंचायत मांची,
पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांकः-Spl-8 दिनांक: 05.07.2024

**ई-निविदा सूचना 01/2024-25**

ग्राम पंचायत मांची, पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत मांची, पंचायत समिति करौली, जिला करौली
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मांची, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

### कार्यालय जिला परिषद, (पंचायती राज प्रकोष्ठ) भरतपुर

क्रमांक:जिपभ/स्टोर/2024-25/13 दिनांक:09.07.2024

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला परिषद, (कृष्णा नगर) भरतपुर में नकारा सामान की नीलामी दिनांक 24.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे कार्यालय परिसर में जहाँ जैसे है उसी अवस्था में की जा रही है। अतः इच्छुक फर्म नियमानुसार जी.एस.टी. धारक अमानत राशि 19700/-(उन्नीस हजार सात सौ रूपये मात्र) डीडी/चैक द्वारा जमा कराते हुये बोली में भाग ले सकते हैं। नियमानुसार कर पृथक से सफलतम बोलीदाता को ही बहन करना होगा। सामान को कार्यालय में आकर निर्धारित किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। सफल बोलीदाता को संपूर्ण राशि एक मुश्त जमा करानी होगी। सामान को यथा स्थिति में ही उठाना होगा, बाद में कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नही होगी। बोली में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

डा. वीरेन्द्र सिंह ( आर.ए.एस )
मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिशद,
भरतपुर

# राधे हत्याकांड से जुड़े बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, दो गिरफ्तार

## जवाब में थाना अधिकारी रुक्मणी ने भी अपनी पिस्तौल से एक राउंड फायर किया जो बदमाशों की थार गाड़ी के टायर में लगा

**करौली, (निसं)।** गंगापुर में राधे हत्याकांड से जुड़े बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की और भाग गये। पुलिस ने पिछाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हथियार, कारतूस जब्त किये। जानकारी के अनुसार गंगापुर में राधे हत्याकांड से जुड़े बदमाश कुड़गांव थाना क्षेत्र की ओर आ रहे थे। इस दौरान नाकाबंदी के समय बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी और फायरिंग करते हुए भाग निकले, जहां पुलिस ने उनका पीछा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हथियार, कारतूस जब्त किये।

करौली पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश के सुपरविजन में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कार्रवाई की गई है। गंगापुर सिटी के जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा सूचना दी गई कि गंगापुर में एक हत्याकांड के बदमाश करौली की तरफ भाग रहे हैं जिनका गंगापुर सिटी थाना पुलिस भी पीछा कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कुड़गांव थाना अधिकारी को सूचना दी, जिस पर थाना अधिकारी द्वारा नाकाबंदी कराई गई। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस गाड़ी को टक्कर मारते हुए फायरिंग करना शुरू कर दिया।

बताया जा रहा है कि मंगलवार को प्रातः के समय कुड़गांव थाना अधिकारी रुक्मणी मीणा को गंगापुर थाना पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि एक काले रंग की थार जीप में कुछ इनामी बदमाश है, जिनके पास अवैध हथियार होने की सूचना है। वह गंगापुर सिटी से सपोटरा की तरफ आ रहे हैं, तुरंत नाकाबंदी कराई जाए, जिस सूचना पर सपोटरा पुलिस उपाधीक्षक सहित उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाने के जवानों को लेकर नाकाबंदी कराई गई। इस दौरान एक काले रंग की थार जीप तेज गति से आती दिखाई दी जिनको पुलिस दल ने रोकने का इशारा किया तो गाड़ी का चालक और तेज गति से जीप को भगाते हुए पुलिस की जीप में सवार पुलिस कर्मियों को जान से मारने की नीयत से टक्कर देकर भाग निकला। जिसका पुलिस दल के साथ पीछा किया।

जीप में सवार लोगों ने पुलिस को आते देख जान से मारने का प्रयास करते हुए फायरिंग करने लग गए, जिसके जवाब में थाना अधिकारी रुक्मणी द्वारा भी अपनी पिस्तौल से एक राउंड फायर किया जो थार गाड़ी के टायर में लगा। इससे गाड़ी असंतुलित होकर बरसात के पानी से भरे खेत में घुस गई। इस दौरान पुलिस दल ने पीछा करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार किए गए बदमाशों में विवेक उर्फ उधम सिंह पुत्र श्यामलाल गुर्जर निवासी विनोरा थाना बाटोदा जिला गंगापुर सिटी जो कि 10 हजार रुपये का इनामी है, वहीं दूसरा आरोपी धर्मेंद्र उर्फ कल्लू पुत्र दौलत राम गुर्जर भी बाटोदा का रहने वाला है जिनके पास से दो अवैध देसी कट्टे व एक पिस्तौल सहित 6 जिंदा कारतूस बरामद कर लिए हैं।



करौली के निकट कुड़गांव थाना पुलिस ने ईनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर कारतूस व हथियार जब्त किये।

- बदमाशों के पास से दो अवैध देसी कट्टे व एक पिस्तौल सहित छह जिंदा कारतूस बरामद किए
- नाकाबंदी में बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी और फायरिंग करते हुए भाग गये थे

# डंपर ने बाइक सवार को कुचला

**सादुलपुर, (निसं)।** सिद्धमुख भादरा सड़क पर स्थित गौशाला के पास निर्माणाधीन बाईपास सड़क पर एक डम्पर चालक ने मंगलवार को मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को कुचल दिया। मुकेश कुमार (20) पुत्र स्व. रमेश जाट की मौत हो गई। दूसरा युवक भादरा निवासी कर्ण (21) पुत्र मांगीलाल भार्गव गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे एम्बुलेंस द्वारा भादरा के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि डम्पर मृतक युवक को करीबन 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। सिद्धमुख थाना अधिकारी रामकृष्ण सिद्धू ने बताया कि घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**राजस्थान कायमखानी महासभा**
(पंजीयन क्र. 316/77-80)
**आम सूचना**

कायमखानी समाज की राजस्थान कायमखानी महासभा के सन् 2020 के पहले बने आजीवन व संरक्षक सदस्यों को सुचित किया जाता है कि दिनांक 21 जुलाई 2024 को 1:15 pm बजे बिसाऊ (झुन्झुनू) में AGM मीटिंग होगी। मीटिंग में केवल सन् 2020 से पहले के सभी आजीवन व संरक्षक सदस्य मीटिंग में पहुचने की मेहरबानी करें। मीटिंग में 2020-21 में बनाये गये सदस्यों का अनुमोदन व बहुमत के आधार पर कुछ संविधान संसोधन भी प्रस्तावित है।

(रि.) ले. कर्नल शौकत अली खां (संयोजक) — अमजद खां कसनाउ (कार्यवाहक अध्यक्ष)

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**
E-mail id:- raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः– न.पा.रा./2024–25/3308 दिनांकः– 08.07.2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for 21 annual work is invited from interested and eligible bidders up to 8-07-2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in)
NIB Code - DLB2425A0847
UBN Code – DLB2425SSRC02723, DLB2425SSRC02724, DLB2425SSRC02725, DLB2425SSRC02726, DLB2425SSRC02727, DLB2425SSRC02728, DLB2425SSRC02729, DLB2425SSRC02730, DLB2425SSRC02731, DLB2425SSRC02732, DLB2425SSRC02733, DLB2425SSRC02734, DLB2425SSRC02735, DLB2425SSRC02736, DLB2425SSRC02737, DLB2425SSRC02738, DLB2425SSRC02739, DLB2425SSRC02740, DLB2425SSRC02741, DLB2425SSRC02742, DLB2425SSRC02743

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, राजलदेसर
राज.संवाद/सी/24/1976

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)**
E-mail id:- raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः– न.पा.रा./2024–25/3276 दिनांकः– 08.07.2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for 02 work is invited from interested and eligible bidders up to 8-07-2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in)
NIB Code - DLB2425A0831
UBN Code – DLB2425WSOB02639, DLB2425WSOB02640
राज.संवाद/सी/24/1935 अधिशाषी अधिकारी

राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**
क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/नीलामी (ML Bajri-V)/2024/ई-07159

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आवंटन के लिए 12 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती हे। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| क्र.सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्यावर | बिछ्डी व झूठा (रायपुर) | बजरी | 1 |
| 2 | नागौर | रियाबडी (रियाबडी) | बजरी | 1 |
| 3 | झालावाड | बिरयाखेडी खुर्द, परोलिया, आरोलिया (झालरापाटन) | बजरी | 2 |
| 4 | स.माधोपुर | अभयपुरा (सवाईमाधोपुर) | बजरी | 2 |
| 5 | पाली | सोडावास (पाली) | बजरी | 1 |
| 6 | जोधपुर (ग्रामीण) | लाखडथुम्ब (लूणी) | बजरी | 1 |
| 7 | बालोतरा | कनाना (पपदरा) | बजरी | 1 |
| 8 | भीलवाडा | बरडोद, खेतहजारिया (हमीरगढ), मोई, गोपालपुरा, प्रतापगढ, नील की खेती, मुकन्दपुरा (माण्डलगढ) | बजरी | 3 |

विशेष नोट-प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण ई-ऑक्शन की शर्तें विभागीय वेबसाई www.mines.rajasthangov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेट फार्म प्रदाता कंपनी (MSTC Ltd. की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।
DIPR/C/5523/2024 (भगवती प्रसाद) IAS निदेशक

# नेपाली नौकरानी ने खनिज व्यापारी के परिवार को बेहोश कर लूट की

## साथियों के साथ मिलकर लाखों के जेवरात व नकदी लेकर फरार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में स्थित खनिज व्यापारी के घर काम करने वाली नेपाली महिला ने खाने में बेहोशी की दवा देकर मालिक के परिजनों को अचेत कर के साथियों के साथ मिलकर लाखों के जेवरात व नकदी की वारदात को अंजाम दिया। अचेत परिजनों को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया, जहां सबका उपचार जारी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक माह पूर्व खनिज व्यापारी सुखेर थाना क्षेत्र डागलियों की मगरी निवासी संजीव गांधी के घर काम करने आई नेपाली महिला करिश्मा संजय के मकान में स्थित क्वार्टर में रहती एवं पूरे दिन काम करती थी। सोमवार रात करिश्मा ने बेहोशी की दवा मिला सभी को खाना खिलाया। खाना खाने के कुछ समय बाद संजीव गांधी, उसकी पत्नी शिल्पा, पुत्री नैना, पुत्र शौर्य अचेत हो गए। सभी परिजनों के अचेत होने के बाद नेपाली नौकर महिला ने अपने चार साथियों को बुलाकर घर में छानबीन कर मकान में रखी नकदी व जेवरात चुरा ले गए। इस दौरान इन्होंने तिजोरी खोलने के बाद संजीवी की बेटी नैना के हाथ–पैर बांध उसे टॉर्चर कर पासवर्ड पूछे लेकिन जानकारी नहीं मिली तो वे जो नकदी व लाखों के जेवरात जो हाथ लगे वे लेकर फरार हो गए। मंगलवार तड़के नैना को सबसे पहले अचेतावस्था से थोड़ा होश आना शुरू हुआ तो वह गिरती संभलती मकान के बाहर निकाली और चिल्लाते हुए बचाव की गुहार लगाई। इस पर वहां टहल रहे पड़ौसी विवेक सिंह राजावत ने मकान पर पहुंच हालात देख पुलिस को सूचना दी।।

सूचना पर सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत ने मौके पर पहुंच उच्चाधिकारियों को सूचना दी। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र खटीक, बैकरिया थानाधिकारी धनपतसिंह, टीडी थानाधिकारी फैलीराम पर्यटन थानाधिकारी मौके पर पहुंचे तथा संजीव के अचेत परिवार के सदस्यों को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां से परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गए, जहां होश में आने के बाद पुलिस संजीव व उसके परिजनों से पूछताछ कर रही है। मौके पर पहुंची एफसएल टीम से मिले साक्ष्यों एवं मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर नेपाली महिला करिश्मा व साथियों की तलाश शुरू कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं।

- नौकरानी ने खाने में बेहोशी की दवा पिलाकर खनिज व्यापारी के परिवार को बेहोश किया था
- तिजोरी का पासवर्ड नहीं खुलने से बड़ी वारदात बची, अचेत परिजनों को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया

# डेढ़ करोड़ का डोडा-चूरा बरामद

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डेढ़ करोड़ रुपए का डोडा–चूरा बरामद कर वाहन को जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी पर रोकथाम के लिए इन दिनों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र सिंह व पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा के निकटतम सुपरविजन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को जिला स्पेशल टीम के प्रभारी हैड कांस्टेबल राजेश कुमार को इनपुट मिला कि सरवाड़ थाना क्षेत्र में केकड़ी से राजपुरा जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध वाहन खड़ा है, जिसमें मादक पदार्थ भरा होने की पूरी संभावना है। सूचना पुख्ता होने पर उन्होंने इसकी सूचना सरवाड़ थाना प्रभारी को दी। सरवाड़ थानाधिकारी के राजकार्य से बाहर होने पर सराना थानाधिकारी विजय मीणा व जाब्ता केकड़ी रोड सरहद ग्राम राजपुरा स्थित मौके पर पहुंचा। यहां रोड के किनारे एक बोलेरो पिकअप खड़ी थी, जिसे तिरपाल से ढका हुआ था। पुलिस टीम ने वाहन से तिरपाल हटाकर चेक किया तो उसमें अवैध डोडा–पोस्त से भरे 50 कट्टे मिले। बोलेरो पिकअप चालक की आसपास सहित हरसंभव स्थानों पर तलाश की गई लेकिन चालक का कहीं पता नहीं चला। डोडा–चूरा का तोल करने पर माल का वजन 1019.700 किलो मिला। पुलिस ने बोलेरो पिकअप एवं डोडा–पोस्त से भरे कट्टों को जब्त कर लिया तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मुकदमा दर्ज कर तस्कर की तलाश शुरु कर दी।

अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने वाली टीम में जिला स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल नवल सिंह, राजकिरण सिंह, केदारसिंह व महेन्द्र, साइबर सेल के रामराज, गजराज व शिवजीराम एवं सरवाड़ टीम के सराना थानाधिकारी विजय मीणा, एएसआई बदरुद्दीन, कांस्टेबल कल्याण सिंह, शिवप्रकाश, जितेन्द्र व अंकित शामिल रहे।



पुलिस ने डोडा-चूरा बरामद कर वाहन को जब्त किया।

**कार्यालय नगरपालिका रावतभाटा, जिला-चित्तौडगढ़ (राज.)**
क्रमांक :- नपारा/स्टोर/निविदा/2024-25/266 दिनांक :- 05/07/2024

**संशोधित सूचना**

नगर पालिका रावतभाटा द्वारा जारी ई–निविदा सूचना संख्या 01/2024–25 क्रमांक 220 दिनांक 26.06.2024 से आमंत्रित की गयी थी। जिसका NIB Code :- DLB2425A0593 है। कार्य का UBN NO. :-DLB2425WSOB01887 है। जिसमें संलग्न शर्त संख्या 25 के साथ यह भी पढ़ा जावे।

- यदि पौधा पूर्व में लगा हुआ हो तो 150/–रूपये प्रति पौधे की दर से गड्डा खोदने एवं लगाने का भुगतान देय नही होगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतभाटा
राज.संवाद/सी/24/1953

**RAJASTHAN HOUSING BOARD**
No. :- ACE-I/RHB/JPR/2024-25/140 Dated :- 08/07/2024

**NIB :- 02/2024-25**

Bids for 1. Plantation & Maintenance work (5 years) of Plants various sector under Jurisdiction of RE - Division-III, Pratap Nagar, Jaipur 2. Plantation work at I.G. Nagar, Newai, Tonk, Kotputli & Nayla are invited from interested bidders from 11.07.2024 to 20.07.2024 up to 6:00 PM. Other particular of bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** of the state & **http://urban.rajasthan.gov.in/rhb** department website.
UBN No.: RHB2425WSOB00063, RHB2425WSOB00064
Raj.Samwad/C/24/1992 Addl. Chief Engineer-I, Jaipur

# सांख्यिकी विभाग का सहायक निदेशक निलंबित

**करौली, (निसं)।** करौली सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक को मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव ने निलंबित कर दिया है। गत दिनों सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक उदयभान मीणा एवं ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी पंचायत समिति करौली नरोत्तम मीणा के बीच किसी मामले को लेकर झगड़ा हो गया था, जिसमें नरोत्तम मीणा के चोटें आई। दोनों ही अधिकारियों ने करौली कोतवाली थाने में एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं विभाग की ओर से एक जांच टीम भी गठित की गई जिसमें विभाग को रिपोर्ट सौंपी, जिस पर निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव विनेश सिंघवी ने निलंबन के आदेश जारी करते हुए उदयभान मीणा सहायक निदेशक वर्तमान में उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग करौली द्वारा ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी करौली से विभाग में अपनी पद की गरिमा को नजरअंदाज कर मारपीट की गई है। उक्त कारण से कार्रवाई करते हुए सहायक निदेशक उदयभान मीणा को तत्काल प्रभाव से निलंबित के आदेश जारी किये।

# कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी अजमेर

कमांक :– जिआअ/वाहन नीलामी/2024/134 दिनांक :–9 जुलाई 2024

**–:: सार्वजनिक सूचना ::–**

राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 के प्रावधानों के अनुसार मदिरा के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन का अधिहरण किया जा सकता है। इसी अधिनियम की धारा

| क. सं. | जप्त कर्ता कार्यालय | Type of vehicle | अभियोग संख्या व दि0 | जप्ती रिपोर्ट में वाहन का प्रकार एवं रजिस्ट्रेशन नं0 | वाहन का ईजंन एवं चेसिस नम्बर | जप्ती रिपोर्ट में वाहन स्वामी का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | HMV | 137/2021 दिनांक 12.03.2021 | TATA TRUCK/ HR55-P-5095 | 11J63186046 & MAT412294BOK18772 | श्री अनीस पुत्र सुब्बा मेव निवासी सारेकलां पु.था. चौपानकी जिला भिवाडी, अलवर 301707 |
| 2 | पुलिस थाना श्रीनगर | HMV | 103/2017 दिनांक 08.09.2017 | TRUCK/ UP11-E-2396 | DTH2412048 & MB1AWJFC8DR9J0694 | श्री जगजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी 68 जिंदावला, पु.था. जिंदावला, जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा 136118 |
| 3 | पुलिस थाना श्रीनगर | HMV | 109/2015 दिनांक 18.11.2015 | EICHER TRUCK/ HR63-B-0700 | E483CDAE234289 & MC233HRCOAE042086 | श्री पवन कुमार पुत्र राजेन्द्र वीपीओ सीसार खरबला, जिला हिसार हरियाणा 125042 |
| 4 | पुलिस थाना श्रीनगर | HMV | 44/2019 दिनांक 06.05.2019 | TRUCK/ RJ16-G-0990 | G62231698 & 426010GXZ113888 | श्री भाकराराम पुत्र जोधाराम निवासी बेनीवालो की ढाणी, करवाडा, जिला जालोर 343040 |
| 5 | आबकारी थाना किशनगढ | HMV | 34/2022–23 दिनांक 16.10.2022 | TRUCK/ RJ18-GB-4041 | FBPZ114214 & MB1CTDYC4FPBM8836 | श्री पप्पूराम पुत्र बाबूराम निवासी ककराला पी.एस. बखासर जिला बाडमेर 344706 |
| 6 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | HMV | 136/2024 दिनांक 02.04.2024 | EICHER PRO 3015 XP M HSD BS6/ GJ06-BV-8731 | E426CDPK450987 & MC2GLMRC0PK229124 | श्री राजेन्द्र पटेल पुत्र लालूराम पटेल निवासी मकान नं 332, पलासिया तहसील जाडोल हाल विवेकानंद स्कूल के पीछे, पलासिया, पुलिस थाना पलासिया जिला उदयपुर मो. 8290962036 |
| 7 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | HMV | 419/2013 दिनांक 03.11.2013 | TRUCK/RJ27-1G-1305 | NOT AVAILABLE & NOT AVAILABLE | श्री मोहन पुत्र हरजी जाति पटेल निवासी फीला पोस्ट बंबोरा, पु.था. कुराबड जिला उदयपुर |
| 8 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | HMV | 201/2017 दिनांक 23.05.2017 | TRUCK / RJ19-GB-5831 | NOT AVAILABLE & MAT42603191N27666 | लुंबाराम पुत्र रामाराम निवासी 26 बजरंग विहार बालाजी नगर नीयर पाल बालाजी मंदिर जोधपुर 342014 |
| 9 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | HMV | 350/2017 दिनांक 25.08.2017 | TRAVELLERS/DL01-VC-0917 | NOT AVAILABLE | श्री सतेन्द्र पाल पुत्र हजुर सिंह निवासी 4/157 ओल्ड तेजाब मील भोलानाथ नगर नई दिल्ली 110032 |
| 10 | आबकारी थाना नसीराबाद | HMV | 50/2021–22 दिनांक 19.09.2021 | TRUCK CONTAINER TATA/HR38-T-1371 | 11B62993422 & MAT448176B0B03080 | श्री सुरेन्द्र कौशिक पुत्र गंगास्वरूप निवासी बी–42/2 शिवालिक नगर हरिद्वार पु.था. कोतवाली रानीपुर जनपद हरिद्वार जिला हरिद्वार व अस्थाई पता 36 भुवनेश ईश्वर वाटिका कनकपुरा मीणावाला जयपुर |
| 11 | आबकारी थाना नसीराबाद | HMV | 34/2022–23 दिनांक 22.07.2022 | TRUCK CONTAINER EICHER /UP87-T-6119 | E483CDBJ547246 & MC226HRC0BJ058320 | श्री गंभीर सिंह पुत्र श्री महाराज सिंह निवासी छोगवा पु.था. छरा, जिला अलीगढ, उत्तरप्रदेश |
| 12 | आबकारी थाना नसीराबाद | HMV | 88/2022–23 दिनांक 10.03.2023 | TRUCK CONTAINER TATA/NL01-Q-1486 | 61D84304302 & MAT395024G5E07694 | श्री भूराराम पुत्र पन्नाराम निवासी रामदेव मंदिर, चाडार सेटराउ, पु.था. रामसर, जिला बाडमेर |
| 13 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | HMV | 323/2020 दिनांक 11.09.2020 | TRUCK TATA UPT/MH 47-Y-8597 | NOT AVAILABLE & MAT544068K7G15729 | श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र रामआश्रय यादव निवासी इन्द्रपुरम बिल्डिंग नं. सी2 साईन सिटी वसई पूर्व पु.था. तुलिंग जिला पालघर हाल 235 ओल्ड हिल क्वाटर्स आर्दश नगर साईबाबा मंदिर गोरी गांव ईस्ट मुम्बई पु.था. तुलिंग जिला पालघर |
| 14 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | LMV | 435/2016 दिनांक 16.10.2016 | MAHINDRA IMPERIO/ RJ14-T-8578 | NOT AVAILABLE & MA1PY23DK96A38326 | श्री सुभाषचन्द्र पुत्र हीराराम जाट निवासी गालड पुलिस थाना सिद्धमुख जिला चूरू 331701 |
| 15 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | LMV | 352/2018 दिनांक 28.08.2018 | HONDA CITY CAR/ WITHOUT NUMBER | NOT AVAILABLE | NOT AVAILABLE |
| 16 | पुलिस थाना गांधीनगर | LMV | 233/2017 दिनांक 10.10.2017 | INNOVA/ HR55-E-5687 | 9718957 & 7054546 | श्री रामचन्द्र पुत्र जीतराम निवासी जेलाफ, थाना नारनौल, जिला महेन्द्रगढ हरियाणा 123001 |
| 17 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | LMV | 212/2018 दिनांक 28.05.2018 | HYUNDAI VERNA/ RJ27-CC-9999 | D4FAAU89923 & MALCN41VLAM09615 | श्री विजय सिंह पुत्र अनोप सिंह निवासी हेमतावत फाला, डाल पु. था. सलूम्बर जिला उदयपुर पिन 313027 |
| 18 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | LMV | 51/2017 दिनांक 03.02.2017 | MAHINDRA XYLO CAR/HR69-A-7831 | JJB4H67563 & MA1YA2JJKB2H18798 | श्री हरिओम पुत्र बसन्ता निवासी सिवाना माल पु.था. सफीदो जिला जिन्द, हरियाणा |
| 19 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | LMV | 100/2022 दिनांक 19.02.2022 | BOLERO CAMPER /RJ04-GA-2052 | GA74G66240 & MA1RUZGGA73G61017 | श्री रविन्द्रजीत सिंह पुत्र ज्ञानसिंह निवासी एस–185, ग्रेटर कैलास पार्ट–2 नई दिल्ली हाल डायरेक्टर हरजी इंजिनियरिंग वर्क्स कम्पनी प्रा.लि. 7 अरावली शापिंग एण्ड ऑफिस एण्ड काम्पलेक्स, अलकनंदा दिल्ली पु.था. कालकाजी दिल्ली |
| 20 | पुलिस थाना ब्यावर सदर | LMV | 419/2018 दिनांक 22.10.2018 | TEMPO/RJ29-GA-3754 | NOT AVAILABLE & N35952 | श्री अशोक कुमार पुत्र रामेश्वरलाल निवासी लालासी लक्ष्मणगढ पु.था. लक्ष्मणगढ जिला सीकर |
| 21 | पुलिस थाना पीसांगन | LMV | 29/2018 दिनांक 26.03.2018 | MARUTI 800 CAR/RJ14-7C-3199 | 2460569 & 1772551 | श्री मदनलाल शर्मा पुत्र ज्ञानेश्वरदास निवासी जवाहरनगर जयपुर। |
| 22 | पुलिस थाना पीसांगन | LMV | 32/2019 दिनांक 05.02.2019 | TEMPO THREE WHEALER/RJ36-PA-2426 | AZZWFB38146 & MD2A45BZ1FWB07790 | श्रीमती छोटी देवी पत्नी ताराचंद निवासी C/O हीरालाल पोपावत, सांसी कॉलोनी, छावनी पुरानी पावरहाउस रोड, ब्यावर, जिला ब्यावर |
| 23 | पुलिस थाना पीसांगन | Two Wheeler | 62/2019 दिनांक 23.04.2019 | HERO HF DELUXE/RJ21-SJ-1215 | HA11EEC9J38906 & MBLHA11EUC9J21091 | श्री रूपराज पुत्र पाबूलाल जाति ब्राहम्ण निवासी सारंगबास पु.था. पादूकलां जिला नागौर |
| 24 | पुलिस थाना पीसांगन | Two Wheeler | 59/2020 दिनांक 11.04.2020 | HERO HF DELUXE/RJ36-SM-8173 | HA11ENH4H02836 & MBLHAR202H4H60725 | श्री ओमसिंह पुत्र देवीसिंह निवासी 331 तेली मौहल्ला, ग्राम खरवा, पु.था. ब्यावर सदर, ब्यावर |
| 25 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 65/17–18 दिनांक 20.12.2017 | Bajaj MotorCycle / RJ06-SR-2026 | JBUBUB15476 & MB2DSPAZZUPB36173 | गंगा देवी पत्नि भैरु लाल गुर्जर निवासी लितरियो का बाड़िया, पु.था. आसिन्द जिला ब्यावर पिन कोड 311301 |
| 26 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 17/19–20 दिनांक 20.05.2019 | Hero Honda Pasion Pro/ RJ36-SC-9946 | HA10EDAGB26172 & MBLHA10ERAFB13150 | बाबूसिंह पुत्र बालूसिंह निवासी रूपजी महाराज का बाडिया, सुरडिया पु.था. जवाजा जिला ब्यावर पिन कोड 305925 |
| 27 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 62/19–20 दिनांक 19.11.2019 | BAJAJ PULSAR / RJ 01 SF-7191 | DHGBUL19143 & MB2DHDHZZUCL50245 | सलीम पुत्र देवा निवासी मंगलाजी का बाडिया, जीतरा पुलिस थाना बर जिला ब्यावर |
| 28 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 71/21–22 दिनांक 31.10.2021 | HERO HF DELUXE/ RJ36-SK-8715 | HA11EJF4M13854 & MBLHA11ATF4M13484 | श्री महबूब अली पुत्र मोहम्मद हुसैन अली निवासी नासून भवानीखेडा, मसूदा जिला ब्यावर पिनकोड 305401 |
| 29 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 65/22–23 दिनांक 09.10.2022 | HERO HF DELUXE/ RJ36-SS-3162 | HA11ESM4L08064 & MBLHAW141M4L07647 | श्री आनंद सिंह पुत्र दोलत सिंह निवासी अदाली मगरी, शेरों का बाला, जिला ब्यावर पिन कोड 305926 |
| 30 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 87/22–23 दिनांक 21.12.2022 | HERO HF DELUXE/ RJ36-SR-1942 | HA11ESL4H15308 & MBLHAW14XL4H00418 | श्री निजामुद्दीन पुत्र सत्तार खान निवासी बडी पोल चांग पुलिस थाना सेन्दडा जिला ब्यावर पिनकोड 306102 |
| 31 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 04/23–24 दिनांक 05.04.2023 | ELECTRIC SCOOTY UJAS EGO | MOTOR NUMBER HX48V250W502020090442 & MD9UBGLD321360150 | श्री प्रवीण मेवाडा पुत्र रामप्रसाद मेवाडा निवासी संजयनगर गली नं. 02 जमालपुरा ब्यावर पिनकोड 305901 |
| 32 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 12/23–24 दिनांक 20.04.2023 | HERO HF DELUXE / RJ36-SS-3852 | HA11EWM4L01156 & MBLHAW131M4L16058 | श्री नरेन्द्र पुत्र गोविंद सिंह निवासी खैरिया पु.था. जवाजा जिला ब्यावर पिनकोड 305923 |
| 33 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 45/23.–24 दिनांक 28.08.2023 | HERO HF DELUXE /RJ36-SH-9501 | HA11EGE4G01088 & MBLHA11ACE4G01154 | श्री सुखदेव सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी नून्द्री महेन्द्रतान पु.था. साकेत नगर जिला ब्यावर पिनकोड 305901 |
| 34 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 66/23–24 दिनांक 24.11.2023 | HONDA ACTIVE / RJ36-SK-6408 | GF50E82316131 & ME4JF504LF8316457 | श्रीमती मोनिका पत्नी रफीक निवासी बादनी पु.था. बर (शेखावास) जिला ब्यावर पिनकोड 306103 |
| 35 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 74/23–24 दिनांक 21.11.2023 | HERO HONDA SPELDOR + / RJ36-SD-8437 | HA10EFB9B2563 & MBLHA10EYB9B01063 | श्री अमित तिवारी पुत्र मृत्युंजय नाथ तिवारी निवासी वार्ड नं. 01, 18 शिव कॉलोनी, अजमेर रोड नृसिंहपुरा ब्यावर जिला ब्यावर पिनकोड 305901 |
| 36 | आबकारी थाना ब्यावर | Two Wheeler | 115/23–24 दिनांक 31.03.2024 | HERO HF 100/ RJ36-SS-2536 | HA11ERM4H02853 & MBLHAC046M4H03320 | भीमाराम पुत्र रामलाल निवासी शेरो का बाला, दांदोला, पु.था.जवाजा जिला ब्यावर पिनकोड 305923 |
| 37 | पुलिस थाना गांधीनगर | Two Wheeler | 93/24 दिनांक 24.03.2024 | ACTIVE SCOOTY/ RJ36-SC-3931 | JC44E0177841 & ME4JC445G98177788 | स्व. सुशीला देवी पत्नी श्री कल्याणमल जाति टांक निवासी मिर्जा बावडी रोड करणी नगर मदनगंज पुलिस थाना मदनगंज जिला अजमेर 305801 |
| 38 | पुलिस आनंदपुर कालू जिला ब्यावर | Two Wheeler | 60/2020 दिनांक 14.05.2020 | HERO HF DELUXE/RJ22-LS-3583 | HA11ENJ4E04197 & MBLHAR23XJ4E02021 | श्री कालूसिंह पुत्र मोतीसिंह निवासी बुंटीवास पु.था. रायपुर जिला ब्यावर |
| 39 | पुलिस आनंदपुर कालू जिला ब्यावर | Two Wheeler | 11/2020 दिनांक 28.01.2020 | HERO HONDA/RJ01-SB-6080 | 05F27E21889 & NOT CLEAR | श्री भुराराम पुत्र हरजीराम निवासी खारचिया पु.था. आनंदपुर कालू, जिला ब्यावर |
| 40 | पुलिस आनंदपुर कालू जिला ब्यावर | Two Wheeler | 11/2020 दिनांक 14.05.2020 | BAJAJ PLATINE/RJ01-SF-3510 | DUUBPJ87594 & MD2DDDZZZPPJ62454 | श्री भुराराम पुत्र हरजीराम निवासी खारचिया पु.था. आनंदपुर कालू, जिला ब्यावर |
| 41 | पुलिस आनंदपुर कालू जिला ब्यावर | Two Wheeler | 154/2018 दिनांक 23.12.2018 | HERO SPLENDOR PLUS /RJ22-SV-2423 | HA10EJEHK11787 & MBLHA10AMEHK69553 | श्री छत्रपाल पुत्र शैतानराम निवासी तेजपुरा रोड बलुंदा, पु.था. आनंदपुर कालू जिला ब्यावर |

अतः सर्व साधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त जप्त वाहनों के पंजीकृत स्वामी अथवा ऐसी वित्तीय संस्थाएं, जो कि वाहन के Hypothecation के आधार पर स्वामित्व का हित रखते हो, संबंधित दिनांक 24.07.2024 तक या इससे पूर्व **दो पहियां वाहनों** (सूची कम संख्या 23 से 41) के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता (जिला आबकारी अधिकारी अजमेर) एवं **हल्के चार पहियां वाहनों** (सूची कम संख्या 14 से 22) के लिए श्रीमान अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन अजमेर तथा **भारी वाहनों** (सूची कम संख्या 1 से 13) के लिए श्रीमान आबकारी आयुक्त, राजस्थान उदयपुर, के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा दिनांक 24.07.2024 के पश्चात एक पक्षीय निर्णय लेकर उक्त वाहनों को राजसात किया जाकर वाहन स्वामी के व्यय पर निलामी की कार्यवाही की जाएगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी वाहन स्वामी स्वंय की होगी। अतः सम्बन्धित उक्तानुसार सूचित रहे। उक्त सन्दर्भ में इस कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा दूरभाष नम्बर 0145–2970364 से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(राधेश्याम डेलू)
जिला आबकारी अधिकारी अजमेर



रोहित शर्मा ने कहा कि, राहुल द्रविड़ इस खेल के एक महान खिलाड़ी हैं, लेकिन आपसे अपनी सारी उपलब्धियां और सम्मान को एक तरफ रखा और कोच बनकर हमारे पास आए। आपकी विनम्रता और इतने समय के बाद भी इस खेल के लिए प्यार आपकी देन है। - रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान, कोच राहुल द्रविड़ की प्रशंसा की।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## जेम्स एंडरसन



इंग्लैंड के दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन बुधवार को अपने टेस्ट करियर का आखिरी मैच खेलने उतरेंगे। साल 2002 में इंग्लैंड के लिए डेब्यू करने वाले जेम्स एंडरसन देश के सबसे कामयाब गेंदबाज हैं। अपने आखिरी टेस्ट मैच में उनके पास दुनिया का सबसे कामयाब तेज गेंदबाज बनने का मौका है। इसके लिए उन्हें 13 विकेट की जरुरत है। लॉर्ड्स में 10 जुलाई से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा और ये एंडरसन के करियर का आखिरी टेस्ट मैच होगा। जेम्स एंडरसन ने अब तक 187 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उनके नाम 700 विकेट हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फीफा के इतालवी उपाध्यक्ष डॉ. ओटारियानो बैरासी ने विश्वकप ट्रॉफी को अपने पलंग के नीचे एक जूते के डिब्बे में छुपाए रखा।

# गौतम गंभीर बने टीम इंडिया के हेड कोच, द्रविड़ की जगह लेंगे

## 2027 तक रहेगा कार्यकाल, केकेआर को इसी साल आईपीएल जिताया

मुम्बई, 9 जुलाई। पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर को क्रिकेट के तीनों प्रारुपों टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 मैचों के लिए मंगलवार को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक की क्रिकेट सलाहकार समिति की सिफारिश पर आज भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने गौतम गंभीर के नाम का एलान करते हुए कहा कि मुझे भारतीय टीम के मुख्य कोच के तौर गंभीर के नाम का एलान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। गौतम गंभीर का कार्यकाल 2027 तक रहेगा। वह इस समय टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। इसी साल गौतम गंभीर



की अगुवाई में केकेआर ने आईपीएल का खिताब जीता था। आधुनिक क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में कठिनाइयों को सहने और विभिन्न भूमिकाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद, मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा गंभीर तीनों प्रारूप में टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 मैचों में भारतीय के कोच होंगे और उनका कार्यकाल 3.5 वर्ष का होगा।

वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। गंभीर 27 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ शुरु होने वाली श्रृंखला से अपना कार्यभार संभालेंगे। जय शाह ने सोलश मीडिया मंच एक्स पर लिखा, टीम के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण, उनके विशाल अनुभव के साथ मिलकर, उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को निभाने के लिए पूरी तरह से सक्षम बनाता है।



# भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से रौंदा

## पहले मैच की हार का लिया बदला

### पूजा वस्त्रकर और राधा यादव के आगे बेबस दिखी दक्षिण अफ्रीका की टीम

चेन्नई, 9 जुलाई। पूजा वस्त्रकर (चार विकेट),राधा यादव(तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना नाबाद (54) और शेफाली वर्मा नाबाद (27) रनों की शानदार पारियों के दम पर भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम को रिकार्ड 10 विकेट से हरा दिया है।

भारत की स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने एकतरफा अंदाज में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 10.5 ओवर में 88 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। स्मृति मंधाना ने 40 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद (54) और शेफाली वर्मा ने 25 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए नाबाद (27) रनों की शानदार पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ तीन मैचों की सीरीज 1-1 बराबरी पर रहीं। दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 12 रन से जीत दर्ज की थी। इससे पहले भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम पूजा वस्त्रकर और राधा यादव की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस दिखी और पूरी टीम 17.1 ओवर में 84 रन पर सिमट गई।

तेजमिन ब्रिट्स ने दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए सर्वाधिक 20 रनों की पारी खेली। अन्नेका बोश (17) और मैरिजान कैप (10) रन बनाकर आउट हुई। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। भारत की ओर से पूजा वस्त्रकार ने 3.1 ओवर में 13 रन देकर चार विकेट लिये। वहीं राधा यादव ने तीन ओवर में छह रन देकर तीन विकेट चटकाये। अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## कुशाग्र सिंह करेंगे विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व

जयपुर, 9 जुलाई। जयपुर में सुमेर नगर के रहने वाले 16 वर्षीय कुशाग्र सिंह राजावत पुत्र प्रताप सिंह राजावत को राइफल शूटिंग में आगामी विश्व कप चैंपियनशिप में देश का



प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। यह आयोजन 29 अगस्त से 8 सितंबर ,2024 तक जर्मनी के हनोवर में आयोजित किया जाएगा। राइफल शूटिंग में कुशाग्र की लगन,कड़ी मेहनत और असाधारण प्रतिभा ने उन्हें यह सम्मान दिलाया है। जिसमें इस हीरे को तरास ने का कार्य प्रसिद्ध कोच कुलदीप शर्मा एवं हर्षवर्धन सिंह ने किया है। जिससे वे इस तरह के भव्य मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के एथलीटों में से एक बन गये है।

## बुमराह, मंधाना प्लेयर ऑफ दी मंथ चुने गये

नई दिल्ली, 9 जुलाई। टी20 विश्व कप में भारत के विजयी अभियान के नायक रहे जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना। भारत के लिए यह दोहरी खुशी का मौका था क्योंकि महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को इस वैश्विक संस्था ने 'जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी' चुना।

मंधाना को यह पुरस्कार पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में बल्ले सब दमदार प्रदर्शन करने पर दिया गया।



बुमराह ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को पछाड़कर यह खिताब जीता जबकि मंधाना ने इंग्लैंड की माइया बाउचर और श्रीलंका की विस्मी गुणारत्ने को पीछे छोड़कर महिलाओं का पुरस्कार जीता। आईसीसी ने यहां जारी बयान में कहा कि पिछले महीने टी-20 विश्व कप में 15 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये बुमराह ने जून के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता है। आईसीसी के बयान में बुमराह ने कहा, "मुझे जून के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर खुशी हो रही है।" उन्होंने कहा, " अमेरिका और वेस्टइंडीज में कुछ यादगार सप्ताह बिताने के बाद मेरे लिये यह विशेष सम्मान है। एक टीम के तौर पर हमें जश्न मनाने के काफी मौके मिले और इस में योगदान देकर मुझे अच्छा लगा। बुमराह ने टी20 विश्व कप में 8.26 की औसत से विकेट चटकाये।

# विंबलडन 2024 : नोवाक जोकोविच ने होल्गर रुण पर जीत दर्ज की

नई दिल्ली, 9 जुलाई। नोवाक जोकोविच विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। इस दौरान उन्होंने सोमवार को खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में होल्गर रुने को 6-3. 6-4, 6-2 से हराया। अब बुधवार को क्वार्टर फाइनल में उनका सामना एलेक्स डी मिनौर से होगा।

जोकोविच मैच में फैंस की हूटिंग से नाराज दिखे और कहा कि इस तरह के व्यवहार को वह स्वीकार नहीं करेंगे। दरअसल, मैच के दौरान फैंस रुने के समर्थन में रूऊऊऊ चिल्ला रहे थे, जो हूटिंग की तरह लग रहा था। रुने 2022 में पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जोकोविच को हरा कर अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था।

**हूटिंग को लेकर जोकोविच की नाराजगी :-** मैच के बाद जोकोविच ने अपनी जीत पर बात की और कहा कि जिन लोगों ने उनको सम्मान दिया और टिकट लेकर मैच देखने आए और देर रात तक बैठकर टेनिस के प्रति अपने प्यार को दिखाया, उनको दिल से शुक्रिया।

साथ ही उन्होंने हूटिंग कर रहे लोगों की आलोचना की और कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। जोकोविच ने कहा कि, मुझे नहीं पता कि वे रुने के समर्थन में नारे लगा रहे थे पर ये भी हूटिंग का एक बहाना है। में इसे स्वीकार नहीं करता हूं।

## सुमित नागल जर्मनी में एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचे

ब्रांश्विग, 9 जुलाई। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां ब्रांश्विग एटीपी चैलेंजर में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी आल्वेस के खिलाफ आसान जीत के साथ पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके दूसरे वरीय नागल ने आल्वेस को क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के पहले दौर में 6-1 6-4 से हराया। दुनिया के 73वें नंबर के खिलाड़ी नागल बुधवार को प्री क्वार्टर फाइनल में अर्जेन्टीना के पेड्रो केचिन से भिड़ेंगे। यह टूर्नामेंट पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण है। इसी महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक की टेनिस स्पर्धाएं रोलां गैरो स्टेडियम में होंगी। पिछले हफ्ते नागल विंबलडन के पहले दौर में सर्बिया के अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी मियोमिर केसमानोविच के खिलाफ हार गए थे। नागल का मौजूदा सत्र शानदार रहा है।

**राजधानी**

# आर.एस.आर.डी.सी.के पूर्व एम.डी. से ए.सी.बी. ने पांच घंटे पूछताछ की

## सुधीर माथुर और आरके लुथरा को पूछताछ के लिए बुधवार को फिर ए.सी.बी. मुख्यालय बुलाया

**जयपुर।** राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आरएसआरडीसी) के पूर्व एमडी सुधीर माथुर और तत्कालीन चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आरके लूथरा से मंगलवार को एसीबी ने करीब 5 घंटे तक पूछताछ की। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि दोनों ही अधिकारियों को मंगलवार को फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया है। एमडी और चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर दोनों की रिश्वत कांड में संदिग्ध है।

राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आरएसआरडीसी) घूसकांड में एसीबी ने तत्कालीन एमडी सुधीर माथुर सहित 6 जनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एसीबी के इंस्पेक्टर राजेश कुमार राव की तरफ से दर्ज एफआईआर में बताया गया कि एसीबी को मिले इनपुट

- **ए.सी.बी. ने इस ममले में धौलपुर प्रोजेक्टर डायरेक्टर सियाराम मीणा, भरतपुर प्रोजेक्ट डायरेक्टर लक्ष्मण सिंह और रिश्वत लेने वाले संविदा सलाहकार महेश गुप्ता को गिरफ्तार किया था**

के आधार एक माह तक आरएसआरडीसी के कई लोगों के फोन सर्विलांस पर लिए थे। फोन रिकॉर्डिंग में घूसकांड की जानकारी सामने आई थी। चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आरोपी आरके लूथरा ने अपना आलीशान बंगला बना रखा है। लूथरा के परिजन और महिलाओं के नाम तीन बैंक लॉकर होने की जानकारी सामने आई थी।

इसी आधार पर एसीबी ने रिश्वत देने वाले धौलपुर प्रोजेक्टर डायरेक्टर सियाराम मीणा, भरतपुर प्रोजेक्ट डायरेक्टर लक्ष्मण सिंह और रिश्वत लेने संविदा सलाहकार महेश गुप्ता को गिरफ्तार किया था। एसीबी ने इनके बीच 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत का खुलासा किया, जबकि तलाशी के समय इनके पास 1 लाख 11 हजार रुपए के संदिग्ध राशि बरामद हुई। वहीं महेश गुप्ता के घर से 92 लाख रुपए भी मिले थे। गुप्ता ने घूस एमडी सुधीर माथुर के नाम से ली थी। एसीबी ने संविदा सलाहकार महेश गुप्ता, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लक्ष्मण सिंह, सियाराम, ठेकेदार मनीष, चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आरके लूथरा व एमडी सुधीर माथुर सहित अन्य खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एसीबी ने 6 मोबाइल जब्त किए थे।


एसीबी ने जब्त मोबाइल के डाटा की जांच की तो उस में कई चौकाने वाले खुलासे हुए। जिस में आरोपी महेश गुप्ता वर्ष 2017 में करौली ट्रेजरी से सहायक लेखाधिकारी के पद से रिटायर हुआ। दिसंबर 2022 से वह आरएसआरडीसी में संविदा पर सलाहकार के रूप में लगा हुआ था। गुप्ता ही पूरे राजस्थान के ठेकेदार के संपर्क में रहकर बजट आवंटन के एवज में एमडी के नाम से रिश्वत वसूल रहा था। कुछ प्रोजेक्ट डायरेक्टर चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर आरके लूथरा को सीधे रिश्वत दे रहे थे।

## भाजपा की वृहद कार्यसमिति की तैयारियों का जायजा लिया

**जयपुर।** भाजपा की आगामी 13 जुलाई को होने वाली वृहद कार्यसमिति की तैयारियों को लेकर आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने सीतापुरा स्थित कार्यक्रम स्थल जेईसीसी सभागार का जायज़ा लिया और कार्यक्रम के लिए बनाई गई व्यवस्था टोलियो की विभाग वार बैठक ली। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी ने पूरे कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया जिसमें पार्किंग स्थल, कार्यक्रम हॉल, भोजन स्थल पर जाकर सभी तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

व्यवस्था बैठक के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी ने कहा कि कार्यसमिति में पूरे प्रदेश भर से भाजपा के कार्यकर्ता आएंगे। आयोजन के दौरान किसी भी कार्यकर्ता को परेशानी का सामना ना करने पड़े इसके लिए व्यवस्था का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाएगा। कार्यसमिति पूरी तरह से भव्य और दिव्य हो इसके लिए पूर्व में भी बैठक कर कार्य विभाजन सहित बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता को दायित्व सौंपे गए है।

## राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाई



**राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन में मोहन लाल लाठर को मुख्य सूचना आयुक्त तथा सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। इन सभी ने ईश्वर के नाम पर हिन्दी भाषा में शपथ ली। आरंभ में राज्यपाल मिश्र को मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तो को शपथ दिलाने के लिए आग्रह किया। राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने सूचना आयुक्तों को बधाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्य, भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, राज्यपाल सचिव कविता सिंह, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल सहित अनेक लोग मौजूद थे।**

## चर्चा में बने रहने के लिए डोटासरा देते रहते हैं नौटंकीपूर्ण बयान : कन्हैयालाल चौधरी

**जयपुर।** पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बजट को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि डोटासरा सत्ता जाने के बाद मानसिक संतुलन खो चुके हैं और चर्चा में बने रहने के लिए नौटंकीपूर्ण और हास्यास्पद बयान देते रहते हैं। भाजपा की भजनलाल सरकार महज 6 माह में अपने ऐतिहासिक निर्णयों के साथ अपने संकल्प पत्र की अधिकांश घोषणाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। पिछली कांग्रेस सरकार के समय पेपर लीक जैसी घटनाओं पर ढिलाई बरतने वाले और मौन रहने वाले डोटासरा आज सत्ता जाने के बाद भाजपा की जनहितैषी सरकार के कामों में कमी निकाल रहे हैं। चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और एक किसान के बेटे भजनलाल शर्मा सरकार में व्यवस्थाओं में बदलाव हुआ है। भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता राजस्थान को समृद्ध बनाने की है, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ें और केवल अवसर ही नहीं बढ़े बल्कि उनमें पारदर्शिता हो, कोई पेपर माफिया हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सके इसके लिए एसआईटी का गठन हुआ।

## राजस्थान में हो रही है मंत्रियों की जासूसी : डोटासरा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा राजस्थान के बजट से पहले ने प्रदेश की भाजपा सरकार की कार्यशैली पर बड़ा आरोप लगाते हुए हमला बोला है। मंगलवार को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में पहुंचे डोटासरा सरकार में मंत्रियों के यहां विशेष सहायक मंत्रियों की जासूसी कर रहे हैं। जासूसी के बाद मंत्रियों के पास आने वाली फाइलों की रिपोर्ट दिल्ली और ब्यूरोक्रेसी को भेजी जा रही है। यह लोकतंत्र का अपमान है।

# विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग अब संभालेगा डिजिटल म्यूजियम का जिम्मा

**जयपुर।** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की मौजूदगी में राजस्थान विधान सभा के डिजिटल म्यूजियम को राजस्थान की संस्कृति के अनुरूप परिवर्तित और परिवर्धित किये जाने के लिए राजस्थान विधान सभा, जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, वामा कम्यूनिकेशन और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मध्य चतुष्पक्षीय अनुबंध किया गया। विधान सभा में मंगलवार को हुए इस अनुबंध के तहत अब डिजिटल म्यूजियम का संचालन एवं संधारण राजस्थान विधान सभा के स्वामित्व एवं निर्देशन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जायेगा। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की सोच के अनुरूप म्यूजियम के प्रचार-प्रसार में अभिवृद्धि करने, पर्यटन मानचित्र में जोडने जैसे अद्भुत पहलों से स्थानीय और अन्य देशों के पर्यटकों की संख्या में म्यूजियम को देखने के लिए लगातार वृद्धि हो रही है। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयास डिजिटल म्यूजियम की पहचान के लिए रंग ला रहे है। इस चतुष्पक्षीय अनुबंध से विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में नये आयाम स्थापित होंगे।

विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि डिजिटल म्यूजियम की विषय वस्तु में दर्शकों के इनपुट के आधार पर आवश्यकता के अनुरूप अनुसंधान समिति की अनुशंषा पर और अधिक समृद्ध ज्ञान का समावेश किया जावेगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल म्यूजियम की प्रवेश दीर्घा को राजस्थान की कला व संस्कृति के अनुरूप आकर्षक बनाया जायेगा। म्यूजियम रैम्प पर राजस्थान की पारम्परिक लघु चित्र शैली, माण्डना, कावड, मूमल इत्यादि लोक कला के चित्रण को विशिष्ट स्थान दिया जायेगा।

## स्कूल में मनाया अमृत पर्यावरण महोत्सव

**करौली ( नि.स. )** करौली के निकट महू हरनगर गाव के विद्यालय मे मंगलवार को अमृत पर्यावरण महोत्सव मनाया गया जिसमे पर्यावरण संबंधी नारे लगवाये।

विद्यालय प्रबंधन एव विकास समिती के सचिव राजेन्द्र दीवान ने बताया कि इस अवसर पर विद्यार्थियो ने शिक्षकों के साथ मानव श्रंखला बना कर हरितिमा संवर्धन का संकल्प लिया। इससे पूर्व विद्यार्थियों को धरती पर बढ़ते तापमान और ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया।

शारीरिक शिक्षक मालचन्द ओझा ने छात्र छात्राओं से एक पेड़ देश के नाम एक पेड़ जन्म भूमि के नाम व पर्यावरण सम्बन्धी नारे लगवाए।सचिव राजेन्द्र दीवान ने कहा कि इस बार सभी विद्यार्थियों को कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाने हैं तथा उनकी सुरक्षा कर उन्हें बड़ा करना है। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा फल फूल व छाया वाले पौधे उपलब्ध कराए गए जिन्हें शिक्षकों व विद्यार्थियो ने गड्ढे तैयार कर विद्यालय परिसर तथा गांव में घर घर रोपित किया गया।

विद्यालय के कार्यवाहक संस्था प्रधान राजेंद्र गर्ग,इको क्लब प्रभारी नारायण सिंह,वृक्षारोपण संयोजक हुकम चन्द माली व सभी शिक्षकों ने पौधारोपण किया।

# डीग अस्पताल में गंदगी को देखकर भड़की तहसीलदार

## दवाई काउंटर पर मरीजों को दवाई नहीं मिलने पर तहसीलदार जुगिता मीणा ने नाराजगी जताई

**डीग** (निस)। मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज के निर्देशन पर तहसीलदार जुगिता मीणा ने डीग के राजकीय रैफरल चिकित्सालय डीग का औचक निरीक्षण करते हुए चिकित्सालय की व्यवस्थाओं के बारें में जानकारी ली। इस दौरान चिकित्सालय के प्रवेश द्वार पर ही गंदगी व कूडे से भरे मिले कूड़ेदान तथा चिकित्सालय परिसर में जगह-जगह हो रही गंदगी को देखकर तहसीलदार भड़की जबकि अस्पताल सफाई का ठेका लगभग हर महीना 50 हजार रुपए का है।

फिर भी अस्पताल में सफाई की व्यवस्था खराब है एवं दवाई काउंटर पर मरीजों को दवाई न मिलने पर तहसीलदार जुगिता मीणा ने नाराजगी जताते हुए चिकित्सालय प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए चिकित्सालय परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। तहसीलदार जुगिता मीणा ने निरीक्षण के दौरान पुरुष एवं महिला वार्ड, मेडीकल ओपीडी,



तहसीलदार जुगिता मीणा ने राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया।

प्रयोगशाला, एक्स-रे रुम का भी निरीक्षण करते हुए चिकित्सालय प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तहसीलदार जुगिता मीणा ने जानकारी देते हुए बताया की जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज के निर्देशन पर मंगलवार को डीग राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया तथा चिकित्सालय परिसर में जगह-जगह गंदगी मिली। जिस पर चिकित्सालय प्रभारी को साफ सफाई रखने के आवश्यक दशा निर्देश दिए तथा चिकित्सालय में सफाई में पाई गई अनिमियताओं की रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंपी जायेगी।

## 129 रोगियों ने चिकित्सा का लाभ लिया

**भरतपुर** (निस)। वाकर्स क्लब किला भरतपुर द्वारा निशुल्क फिजियोथेरेपी एवं जांच शिविर में 129 रोगियों ने निशुल्क चिकित्सा का लाभ लिया।

शिविर का उदघाटन प्रकाश मोहन गुप्ता ने खाटूश्याम बाबा के आगे दीप प्रज्जवलित करके किया तथा उस समय संस्था के महेशचंद, संजय गुप्ता, योगेन्द्र सोनी, प्रताप सिंह, दिलीप सोनी, सुरेश, भगवानदास, दिलीप तोलानी, पप्पू, घनश्याम, बंटी मित्तल, हुकम सिंह, ओमप्रकाश, राधेश्याम, ताराचंद, रिंकू, रिषी, छोटू सोनी, अनिल राकेश आदि उपस्थित थे। शिविर में डॉक्टर वीएन शर्मा ने कहा कि आजकल मोबाइल लेपटाप आदि का अधिक प्रयोग होने के कारण कमर में दर्द तथा गर्दन में दर्द की शिकायत बढ रही है तथा बरसात के मौसम में पुराने दर्द भी दोबारा से होने लगते हैं। कोई भी सर्जरी कराने से पहले अगर वह क्रानिक डिसीज न हो तो एक बार फिजियोथेरेपिस्ट से अवश्य सलाह लें तभी दूसरे स्टेज पर घुटना प्रत्यारोपण से बचा जा सकता है।

निशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग 129 रोगियों ने लाभ उठाया एवं 86 लोगों की नर्वोस्कोप द्वारा रीड की हडडी की दबी हुई नसों की जांच की गई। शिविर में हनी, विष्णु, उपमन अग्रवाल, बवीता सोनी, यामी खंडेलवाल, लावण्या, डाक्टर पवन प्रिंस, कृष्ण कुमार आदि ने अपनी निशुल्क सेवाएँ दीं।

## सार-समाचार

### विद्यार्थी दिवस मनाया



**भरतपुर** (निस)। उज्जिति सामाजिक सेवा समिति द्वारा हम भारत के भविष्य राष्ट्रीय विधार्थी दिवस के उपलक्ष में श्री बृषभान कुमारी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधार्थी दिवस मनाया गया। जिसमें विधार्थीयो का तिलक कर स्वागत किया गया तथा विद्यार्थी की देश तथा परिवार जन की भूमिका के दायतिव को समझाया गया। जैसा की वर्तमान समय में विद्यार्थी किताबी शिक्षित होने के उपरांत अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को भूलता जा रहा है। जैसे माता पिता की जिमेदारी से मुक्त होना उन्हें वृद्धा आश्रम तक भेज दिया जाता है। तथा उच्च शिक्षा का स्तर पाकर अन्य देशों के लिए काम करने लग जाता है। परिवार के साथ साथ देश को विकासशील राष्ट्र से विकसित राष्ट्र बनाने में विद्यार्थी का महत्वपूर्ण भाग होता है। तथा आज के किशोर किशोरी अपनी संस्कृति को छोड कर पश्चिमी संस्कृति को तेजी से अपनाते और परिवार को भी हताश करते है तथा अपनी असफलताओं से घबराकर आत्महत्या जैसे कृत्य कर बैठते है। जो की ये सभी एक आदर्श विधार्थी का गुण नहीं है। बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम को बच्चियों को समझाया गया तथा विद्यार्थी जीवन की भुमिका निभाने की शपथ ली गई। जिसका नारा हमारा देश हमारे माता पिता हमारी जिम्मेदारी था।

### प्रायोगिक प्रशिक्षण संपन्न

**भरतपुर** (निस)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट भरतपुर के शिक्षा तकनीकी प्रभाग द्वारा दो दिवसीय कक्षा 6 से 8 विज्ञान विषय प्रायोगिक कार्य आधारित शिक्षक प्रशिक्षण 8 से 9 जुलाई तक आयोजित किया गया। डाइट भरतपुर के ईटी प्रभारी प्रभा गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण का श्रीगणेश माँ शारदे के पूजा वंदन दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रशिक्षक कल्पना शर्मा व्याख्याता भौतिक विज्ञान राउमावि जाटोली रथवान सेवर भरतपुर द्वारा प्रशिक्षण में विभिन्न सत्रों में विज्ञान विषय के प्रायोगिक कार्य का महत्व शिक्षण अधिगम उद्देश्य, कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, विभिन्न मूल विषय वस्तु आधारित प्रयोग किस प्रकार से सरल सुगम शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग करके विद्यालय में कराए जाए, पूर्व परख पश्च परख एवं पृष्ठ पोषण प्रपत्र से शिक्षक संभागीयो को क्षमता संवर्धन प्रदान किया गया। प्रभारी प्रभा गुप्ता प्रभागाध्यक्ष मुकेश कुमार द्वारा शिक्षको का उत्साह वर्धन कर विज्ञान विषय में अधिक से अधिक प्रायोगिक कार्य कराने हेतु शिक्षको को अभिप्रेरित किया गया।

### जन औषधि केंद्र का आज शुभारंभ

**करौली** (नि.स.)। करौली के पुराने ट्रक यूनियन हंसराम बाबा तिराहे के पास प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ होगा। पुरानी ट्रक यूनियन मंडरायल रोड स्थित हंसराम बाबा तिराहा पर खुले प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र से जुडे बृजलाल माली ने बताया कि जन औषधि केंद्र का शुभारंभ आज बुधवार को प्रातः 10:00 बजे करौली राज परिवार के युवराज विवष्वत पाल के द्वारा किया जाएगा उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्र देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके अंतर्गत दवाइयां बहुत ही सस्ती दरों पर उत्तम एवं गुणवत्ता क्वालिटी के साथ उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्र पर डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर सहित अन्य सभी प्रकार की दवाइयां 80 प्रतिषत सस्ती दरों पर आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी।

## बरसाती सीजन में बिजली बन सकती है खतरा

**भरतपुर** (निस)। बरसात के समय में सतर्कता व सावधानी नहीं बरती तो बिजली खतरनाक बन सकती है।

बीईएसएल ने बिजली के खतरे से बचाव के लिए जरूरी बातों का ध्यान रखने और बिजली का सुरक्षित उपभोग करने की अपील की है। बीईएसएल के सीओओ आकाश सक्सेना ने बताया कि बारिश में दीवारों पर सीलन, नमी व जलजमाव से करंट लगने का खतरा बढ़ जाता है। बिजली के खंभे के पास या हाईटेंशन तार के नजदीक रहने वालों के लिए ही नहीं, बल्कि घर में भी जरा सी लापरवाही से करंट का झटका लग सकता है।

हादसों को रोकने के लिए सतर्कता बरतनी जरूरी है। सक्सेना ने उपभोक्ताओं को अनहोनी से बचाव के लिए कुछ विशेष एहतियात बरतने के सुझाव दिए हैं। मीटर से घर तक आने वाली केबल को जांचते रहें। पोल या स्टे वायर से पशु को न बांधे, न उसे छुएं। मकानों की विद्युत लाइनों से पर्याप्त मानक दूरी रखें, लाइनों के नीचे पेड़ भी नहीं लगाएं, बिजली लाइन के पास कपड़े सुखाने के लिए लोहे के तार न बांधे। आईएसआई मार्क वाले तार व अन्य विद्युत उत्पादों का ही घरों व संस्थानों में उपयोग करें, आग लगने की दशा में तुरंत मैन स्विच से बिजली आपूर्ति बंद कर दें। करंट से लगी आग में पानी बिल्कुल न डालें। बिजली का हर काम प्रशिक्षित कर्मचारी से ही कराएं। यदि कोई बिजली के संपर्क में आ जाए तो उसे बिल्कुल स्पर्श न करें, उसे सूखी लकड़ी से ही छुड़ाएं। नंगे पैर बिल्कुल भी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल न करें। घरों में अर्थिंग करवाएं, इससे घर में सीलन भरी दीवारों से करंट उतरने की समस्या नहीं रहेगी।

## पार्क में 51छायादार पौधे लगाये

**भरतपुर** (निस)। लायन्स क्लब भरतपुर डायमण्ड द्वारा 9 जुलाई को प्रात 8 बजे से बी ब्लॉक रनजीत नगर पार्क में पौधारोपण का आयोजन किया गया, जिसमें 51छायादार पौधे लगाये गए। इस अवसर पर पर्यावरण विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा की पर्यावरण को बचाने के लिए, धरती को हरा भरा बनाने के लिए तथा धरती मां को बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, तथा उसकी उचित देखवाल अवश्य करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष सुरेश सुनार, जोन चेयर पर्सन जनक बाबू शर्मा, उपेन्द्र अठावाल, मुरारी लाल गुप्ता, मोहन लाल शर्मा, शिवराज सिंह चौहान, मदन मोहन चौहान, सुभाष अठावाल, पंकज बंसल, राजा तनेजा, इन्द्रजीत गुम्बर सहित अनेक सदस्य उपस्थित हुए। लायन शिव लहरी शर्मा कार्यक्रम के संयोजक रहे।

# ग्रामीणों ने कहा शराब ठेका हटाया जाये

**करौली ( नि.स. )** । महावीर जी के निकट पटोंदा गांव में धार्मिक स्थल के समीप चल रहे शराब के ठेके को हटाने की मांग का ग्रामीणा ने ज्ञापन सौपा है।

महावीर जी के निकट पाटोदा गांव निवासी चंद्रभान सिंह, अंकुश, उदयभान सिंह, राजेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, महेंद्र, सीताराम,अजय कुमार, गंभीर आदि लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पेश कर बताया कि पटोंदा गांव मे शिवालय स्थल ट्रक यूनियन पर आबकारी विभाग की मिली भगत से बिना नियम कानून को देखें शराब विक्रय करने का लाइसेंस जारी कर शराब की दुकान मुख्य रोड पर धार्मिक स्थल के समीप खुला रखी है उक्त शराब के ठेके के कारण धार्मिक भावनाओं का एवं सज्जन पुरुषों एवं महिलाओं को तथा आने जाने वाले ठाामीण लोगों एवं स्कूली बच्चों के लिए भारी असुरक्षा



पदोंदा गांव के ग्रामीणो ने करौली पुलिस अधीक्षक को शराब का ठेका हटवाने की मांग का ज्ञापन सौपा।

पैदा हो गई है शराब ठेके की वजह से बदमाश प्रवृत्ति के लोग शराब पीकर ग्रामीणों के घरों में घुसकर अश्लील हरकत व अपराध करने तक पर उतारू हो जाते हैं जिससे आम ग्रामीणों को भारी असुरक्षा व मान सम्मान कि अपूर्णीय क्षती हो रही है शराब ठेके के कारण दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहने से ठाामीण महिलाएं खेती-बाड़ी करने एवं खेतों में जाने में भी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

# विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू

**भरतपुर** (निस)। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के अकादमिक सत्र जुलाई 2024 के स्नातक, परास्नातक, प्रमाण पत्र व डिप्लोमा सहित सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू हो गए हैं।

प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन है। क्षेत्रीय केन्द्र भरतपुर के निदेशक जेके शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित यूजी, पीजी, सर्टीफिकेट डिप्लोमा सहित सभी पाठ्यक्रमों में भरतपुर संभाग के विभिन्न जिलों के राजकीय महाविद्यालयों सवाई माधौपुर, करौली, बयाना, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, डीग, भरतपुर, धौलपुर समेत कुल नौ अध्ययन केन्द्र, बनाए गए हैं। छात्र सुविधानुसार अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से किसी भी ई-मित्र एवं नेट-बैंकिंग तथा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा कर 31 जुलाई 2024 तक अध्ययन केन्द्रों पर ऑनलाइन प्रवेश आवेदन कर सकते हैं। जो विद्यार्थी किताबें नहीं लेंगे और केवल ऑनलाइन पाठ्य सामठाी लेंगे उन्हें फीस में 15 फीसदी रियायत मिलेगी।

31 जुलाई तक होंगे प्रवेश सहायक कुलसचिव एसबी सिंह ने बताया कि वीएमओयू में प्रवेश पाना सुगम है।

छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर एडमिशन लिंक पर क्लिक कर नए छात्र फ्रेश एडमिशन के तौर पर और पूर्व पंजीकृत छात्र प्रमोटी लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन अथवा ई-मित्र, नेट-बैंकिंग एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। इसके लिए आवश्यक योग्यता संबंधी दस्तावेज भी अपलोड करने होंगे। अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 रखी गयी है। ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात आवेदन की प्रिन्ट कापी जमा कराने की आवश्यकता नहीं है।

इन पाठ्यक्रमों में लें दाखिला : क्षेत्रीय केन्द्र भरतपुर के सहायक कुलसचिव एसबी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम बीए, बीजे, बीएलआईएस एवं बीएससी तथा स्नातकोत्तर में अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, पुलिस प्रशासन, हिन्दी, इतिहास, मनोविज्ञान, अंठोजी, संस्कृत, शिक्षा, राजस्थानी, समाजशास्त्र, भूगोल शामिल हैं। इसके अलावा एमकाम, एमबीए, एमएससी गणित की भी सुविधा है। कम्प्यूटर विज्ञान में भी पीजी कर सकते हैं। योगा, मास कम्युनिकेशन, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, संस्कृत एवं पर्यटन, जलठाहण प्रबंध, कम्प्यूटर में डिप्लोमा व फलित ज्योतिष, महात्मा गाँधी नरेगा में सर्टिफिकेट के पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।

गांव एवं तहसील स्तर के छात्रों रोजगार प्राप्त व्यक्ति कम पढ़े लिखे व्यक्तियों के लिए पंचायतीराज प्रोजेक्ट नरेगा मेट एवं सामाजिक समस्याओं संबंधी महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम का अध्ययन विद्यार्थी घर बैठे प्राप्त कर सकता है।

## 5 कार्मिक अनुपस्थित पाये

**भरतपुर** (निस)। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ब्रजेश कुमार चान्दोलिया ने मंगलवार को चार कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें 5 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने बताया कि प्रातः 10.13 बजे प्रादेषिक परिवहन एवं सडक सुरक्षा अधिकारी एवं जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल 42 अधिकारी, कर्मचारियों में से 2 अधिकारी एवं 3 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने बताया कि राजस्व अपील प्राधिकारी कार्यालय का प्रातः 10.35 बजे, न्यायालय भू-प्रबंध अधिकारी पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी कार्यालय का प्रातः 10.40 बजे निरीक्षण किया।

## फरार ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**सपोटरा** / करौली (नि.स.)। करौली के सपोटरा थाना पुलिस ने 7 महीने से फरार चल रहे अपहरण और मारपीट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर दो-दो हजार रुपए का इनाम घोषित है। पुलिस आरोपियों से घटना को लेकर पूछताछ कर रही है।

सपोटरा थाना अधिकारी अनिल कुमार गौतम ने बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए भरतपुर संभाग आईजी राहुल प्रकाश और करौली एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का सुपरविजन जिला स्तर पर एएसपी शंकरलाल मीना और डीएसपी हरीराम मीना द्वारा किया जा रहा है। अभियान के तहत थानाधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 2-2 हजार रुपए के दो इनामी बदमाशों ने गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी ने बताया कि टीम ने गश्त के दौरान इनामी बदमाश विवेकानंद उर्फ विवेक 26 पुत्र रामखिलाड़ी निवासी हाल वासी डाबिर थाना सपोटरा और पवन 24 पुत्र मनुहर निवासी झाडौदा थाना सपोटरा को बूकना मोड़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से अपहरण और मारपीट को लेकर पूछताछ कर रही है।

## अतिक्रमण हटाने की मांग

**गंगापुर सिटी** 9 जुलाई। गंगापुर सिटी पंचायत समिति के अधीन गुर्जर बडौदा ग्राम पंचायत की नेहरी गांव के ग्रामीणों ने आम रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत गुर्जर बडौदा की नेहरी गांव में खसरा नंबर 27 आम रास्ता है और यह आम रास्ता ग्राम नेहरी की चारागाह भूमि मोक्ष धाम को जाता है।

ग्रामीण अंतिम यात्रा इसी रास्ते होकर ले जाते हैं। साथ ही अपने मवेशियों को चराने के लिए चारागाह ले जाते हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि इस गैर मुमकिन रास्ते से अतिक्रमण मुक्त करवाकर इसे खुलवाया जाए।

## भरतपुर में जगन्नाथ रथ यात्रा आज

**भरतपुर** (निस)। पुरी की जगन्नाथ रथ यात्रा की तर्ज पर भरतपुर में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति भरतपुर एवं इस्कोन भरतपुर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रथ यात्रा बुधवार को निकाली जावेगी। इस रथ यात्रा की प्रथम अद्भुत विशेषता यह है कि भगवान श्री जगन्नाथ के भ्राता बलभद्र जी एवं बहिन सुभद्रा के मूल विठाहों की नगर भ्रमण यात्रा होगी। इस भ्रमण के जरिये भगवान जगन्नाथ स्वामी अपने भक्तों का हरण जानकर उनके दु:ख दर्दों का निवारण करेंगे। धर्म शास्त्रों के अनुसार जो भक्त रथ में आकर भगवान का दर्शन करता है और प्रार्थना करता है उनकी प्रार्थना स्वीकार की जाती है। जो रथ के रस्से को खींचकर भगवान को भ्रमण करता है वह पापों से मुक्ति पाकर संसार के आवागमन चक्र से छुटकारा पाता है। समिति महामंत्री महेश चन्द सिंघल ने बताया कि भगवान के मूल विठाह वृन्दावन से विशेष गाड़ियों के द्वारा वृन्दावन के संतों के द्वारा भरतपुर लाये जायेंगे, जिनकी प्रातः 9 बजे होटल पार्क के द्वार पर समिति पदाधिकारी सरंक्षक संजीव गुप्ता, अध्यक्ष मोहन मित्तल, महामंत्री महेश सिंघल, कार्यक्रम संयोजक विष्णु लोहिया, इस्कोन के संत रस राज दास आदि द्वारा पुष्प वर्षा एवं विशेष प्रार्थना से उनकी अगवानी कर कार्यक्रम हाल में पुष्प सज्जित, विशिष्ट आलोकित स्टेज पर आसन कराया जावेगा। जहाँ इस्कोन वृन्दावन के महन्तों द्वारा भगवान के विठाहों को नए वस्त्र धारण कराये जाकर पुष्प पत्र आदि से अनुपम श्रृंगार किया जावेगा। इत्र, गुलाबजल एवं अन्य सुगंधित द्रव्य तथा मलयागिर चन्दन से महकती हुई भगवान की अद्भुत झांकी एवं मथुरा वृन्दावन भरतपुर से एकत्रित विशिष्ट 56 प्रकार के मिष्ठान एवं व्यंजनों का भोग भगवान को समर्पित किया जावेगा। जिसकी अनुपम छटा का दर्शन उपलब्ध होगा। सन्तों द्वारा भगवान की महिमा का गुणगान एवं हरनाम संकीर्तन किया जावेगा। अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा भगवान की महाआरती होगी तथा महाप्रसाद होगा। भगवान की नगर भ्रमण यात्रा का विशेष रथ एक दिन पूर्व ही वृन्दावन से भरतपुर सांयकाल आ जावेगा, जिसकी पुष्प एवं अलंकरणों से साज सज्जा की जावेगी, जिसमें भगवान के तीनों विठाह आसन होंगे। रथ 25 फीट ऊँचा होगा जिसे ऊपर नीचे किया जा सकेगा। यात्रा में लगभग 150 वृन्दावन से विदेशी भक्त होंगे, पूरे मार्ग में भक्तिमय हरिनाम संकीर्तन मनोहारी नृत्य एवं भक्ति भावमय भंगिमा से भक्ति एवं आस्था का वातावरण उत्पन्न होगा। रथ के आगे-आगे भक्तों द्वारा झाडू लगाकर मार्ग को साफ किया जावेगा ।यात्रा मार्ग सारस चौराहा, कलैक्ट्रेट, बिजलीघर चौराहा, मथुरा गेट, लक्ष्मण मंदिर, कोतवाली, कुम्हेर गेट, ऑटोमोबाइल मार्केट से जय शिव मैरिज होम समापन स्थल तक अनेक स्थानों पर भगवान का पुष्प वर्षा, सुगंधित पदार्थों से स्वागत जायेगा।

## विद्यार्थियों का भव्य सम्मान किया

**भरतपुर** (निस)। टैक्नोलॉजी पार्क सेवर स्थित श्री हरिदत्त गुरप ऑफ इन्स्टीट्यियूशन्स की 7 छात्राओं द्वारा चतुर्थ दीक्षान्त समारोह में महामहिम राज्यपाल द्वारा लगातार सत्र 2022 व 2023 में बीएड., बीएससी बीएड व ब.एबीएड. में गोल्ड मैडल एवं सिल्वर मैडल प्राप्त करने पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने की एवं मुख्य आतिथ्य प्रोफेसर केके गुप्ता ने ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि सत्र 2022 में बीएड में डबली लुधाबई ने गोल्ड मैडल व सिल्वर मैडल निधि गोयल ने तथा बीएससी बीएड की निशिता गोयल ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया। वहीं सत्र 2023 में बीए बीएड की मोना चौधरी ने गोल्ड मैडल व बाला कुमारी ने सिल्वर मैडल प्राप्त किया वहीं बीएससी बीएड में चारूल शर्मा ने गोल्ड मैडल व विजय रानी ने सिल्वर मैडल प्राप्त प्राप्त किया। मुख्य आतिथ्य केके गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि बहुत शानदार है परन्तु रूकना नहीं है जब तक मंजिल हासिल न हो जाये। अध्यक्षता करते हुए निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि लगातार दो वर्षो से छात्रा शीर्ष पर हैं एवं महाविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं। इस अवसर पर डा. सन्जू शर्मा, डा. सचिनकुमार, डीसी सैनी, डा. नीता माथुर, डा. पूनम दीक्षित, पूनम चौधरी, अशोक सिंह, महेन्द्र सिंह, राममोहन शर्मा, राजपाल सिंह, हरिकेश सिंह, सौरभ बंसल, मोहित सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पार्षदों ने की साधारण सभा की बैठक बुलाने की मांग

## सभापति आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, सड़क पर जलभराव से लोग परेशान

**गंगापुर सिटी** 9 जुलाई। शहर में नगर परिषद क्षेत्र के कुछ वार्ड पार्षदों ने सभापति शिवरतन अग्रवाल और आयुक्त रिंकल गुप्ता को ज्ञापन देकर परिषद की साधारण सभा बुलाई जाने की मांग की है। पार्षद मदन पचौरी, आकिब खान, मो. इलियास, महबूब, मुबीना आदि ने सभापति व आयुक्त को दिए ज्ञापन में बताया कि नगर परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित किए करीब 4 माह हो चुके है जबकि नियमानुसार बैठक हर 3 माह के अंतराल के बाद आयोजित होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि आयुक्त ने पूर्व में आश्वस्त किया था कि बैठक प्रत्येक माह आयोजित करवाई जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। बारिश का मौसम चल रहा है और मौसम विभाग ने शहर में यलो अलर्ट जारी किया हुआ है। बारिश में सफाई नहीं होने से नगर परिषद की सफाई की पोल खुल गई। वार्डों में पार्षद सफाई, पानी भराव की समस्याओं से परेशान है लेकिन शिकायत के बावजूद परिषद का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने नगर परिषद की साधारण सभा की बैठक बुलाए जाने की मांग की है।



गंगापुर सिटी में वसुंधरा कॉलोनी से सालौदा तक सड़क पर भरा पानी ।

**जलभराव** की समस्या से दिलाई जाए निजात : राजस्थान आदिवासी मीणा महासभा संस्थान महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष विमला मीणा ने नगर परिषद सभापति को ज्ञापन देकर गंगापुर सिटी शहर में वसुंधरा कॉलोनी से सालौदा तक सडक पर भरे जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उदेई से सालौदा तक नाले ब्लॉक है, साथ ही गंदा पानी नालों में नहीं पहुंच पाता, जिससे पानी सडक पर ही जमा हो रहा है। सडक पर गंदा पानी भरा होने के कारण आमजन के साथ कॉलोनीवासियों, राहगीर, वाहन चालकों को इसी गंदे पानी से होकर आवागमन करना पड रहा है। जिससे कई बार लोग, वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है और अब भी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

## वांछित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी** 9 जुलाई। सुजीत शंकर आईपीएस जिला पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी के आदेशानुसार वांछित फरार आरोपीयान की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाते हुये राकेश राजौरा आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी व मुरारीलाल मीना वृत्ताधिकारी वृत्त टोडाभीम के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी बालघाट सन्तोष कुमार उनि.मय जाप्ता द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये थाना बालघाट के डीपी चोरी के प्रकरण मे वांछित 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना बालघाट पर 1.11.2०23 को बृजेश कुमार मीना थाना सपोटरा जिला करौली हाल कनिष्ट अभियन्ता जेवीवीएनएल नांगल शेरपुर तहसील टोडाभीम जिला गंगापुरसिटी ने गॉव मूडिया, तिघरिया, देवलेन, महमदपुर, पीलवा, कटारा, करमपुरा से आठ डीपी चोरी होनी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। परिवादी की आदि रिपोर्ट पर ०1.11.23 को थाना बालघाट पर प्रकरण दर्ज किया । पतारसी नही होने पर प्रकरण में एफआर अदम पता माल मुलमिजान में किता कर प्रकरण हाजा में चोरी गये माल व मुलजिमान के प्रयास जारी रखे गये जिस पर मुलजिम की पतारसी होने पर मंगलवार को थानाधिकारी संतोष उनि. मय जाप्ता द्वारा मुल. ०1. ने नीरज कुमार जिला गंगापुर सिटी को ग्राम सिंघनिया से दस्तयाव कर बाद तफतीश गिरफ्तार किया गया जिससे अनुसंधान जारी है।

# प्र.मंत्री मोदी को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला

## रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने अपने आधिकारिक आवास पर प्र.मंत्री मोदी को यह सम्मान प्रदान किया

मॉस्को, 9 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू एपोसल पुरस्कार से सम्मानित किया। यह रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। प्र.मंत्री मोदी को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में असाधारण सेवाओं के लिए इस सम्मान से नवाजा गया। उन्होंने एक समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद एक्स पर लिखा, 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे भारत की जनता को समर्पित करता हूं।'

रूस में प्र.मंत्री मोदी को सम्मानित किए जाने का वीडियो क्लिप सामने आया है। इसमें मोदी को राष्ट्रपति पुतिन कुछ समझाते नजर आ रहे हैं। पहले वह उन्हें ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू एपोसल का आगे की दिखाते हुए इशारा करते हैं। इसके बाद उन्हें पीछे की तरफ कुछ दिखाते हैं। इस दौरान मोदी को पुतिन उन्हें मिले सम्मान में लगे खास तरह के संकेतों का मतलब बता रहे होते हैं। मालूम हो कि साल 1698 में यीशू के प्रथम प्रचारक और रूस के संरक्षक संत सेंट एंड्रयू के सम्मान में जार पीटर द ग्रेट की ओर से स्थापित 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल' रूस का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है।

- **रूस ने प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान दोनों देशों के आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उनके असाधारण योगदान के लिए दिया है।**
- **बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने अपने वक्तव्य में रूस-भारत संबंधों में विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझीदारी की सराहना की। उन्होंने जिक्र किया कि पिछले साल रूस और भारत के बीच व्यापार 66 प्रतिशत बढ़ गया है और इस वर्ष की पहली तिमाही में आपसी व्यापार में 20 प्रतिशत की और बढ़ोतरी हुई है।**

इससे पहले प्र.मंत्री मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से लंबी बातचीत हुई। इस दौरान उन्होंने अपील की कि यूक्रेन के युद्ध में मासूमों की मौत बहुत ही पीड़ाजनक होती है। युद्ध भूमि से समाधान नहीं निकला करते हैं, इसलिए संवाद और कूटनीति के माध्यम से समाधान खोजे जाने चाहिए। मोदी ने भारत और रूस के बीच 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान यह बात खुल कर कही। पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के सुझावों की सराहना की। बैठक में दोनों देशों ने किफायती ऊर्जा, उर्वरक व परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में भारत ने रूस में आतंकवाद की घटनाओं की कड़ी निंदा की।बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने अपने वक्तव्य में रूस-भारत संबंधों में विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझीदारी की सराहना की। उन्होंने जिक्र किया कि पिछले साल रूस और भारत के बीच व्यापार 66 प्रतिशत बढ़ा। 2024 की पहली तिमाही में 20 प्रतिशत और बढ़ गया। पुतिन ने कहा कि रूस और भारत अंतरराष्ट्रीय मामलों में निकटता से सहयोग करते हैं।



*प्रधानमंत्री मोदी को रुस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया। रुस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने "सेन्ट एन्ड्रयू द अपॉस्टल" सम्मान मोदी को प्रदान किया। यह सम्मान प्र. मंत्री मोदी को दोनों देशों के आपसी रिश्तों को बढ़ावा देने में असाधारण भूमिका निभाने के लिए दिया गया।*

# जे.डी.यू. केन्द्रीय बजट से 30 हजार करोड़ रु बिहार को देने की मांग कर रही है

## मोदी सरकार के सबसे बड़े साथी- टी.डी.पी. ने भी 12 बिलियन डॉलर की भारी रकम की मांग की है, आंध्र प्रदेश के लिए

नई दिल्ली, 9 जुलाई। केंद्र सरकार आगामी 23 जुलाई को संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करेगी। इस बजट को जारी करने से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सामने सरकारी कर्ज पर अंकुश लगाते हुए सभी राज्यों की सरकार की मांगों को संतुलित करना होगा। जानकारों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्र में सरकार में शामिल नीतीश कुमार बिहार में परियोजनाओं के लिए मदद के लिए केंद्रीय बजट से 30,000 करोड़ रुपये की मांग कर रही है। यह गठबंधन सरकार के लिए एक परीक्षा साबित हो सकती है। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने पिछले महीने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट-पूर्व बैठक के दौरान यह मुद्दा उठाया था।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सरकार को बिहार से इस संबंध में अनुरोध प्राप्त हुआ है, लेकिन अभी तक यह तय नहीं किया गया है कि इस साल राज्य को कितना बजट आवंटित किया जाएगा।

- **एन.डी.ए. के दोनों गठबंधन दलों की मांगों को मिला दे तो यह सरकार के वार्षिक खाद्य सब्सिडी बजट 2.2 ट्रिलियन रुपये के आधे से भी ज्यादा के बराबर है। इससे यह साफ पता चलता है कि मोदी पर राजकोषीय दबाव बढ़ गया है।**

ब्लूमबर्ग न्यूज ने पिछले सप्ताह के रिपोर्ट की माने तो केंद्र की गठबंधन सरकार में मोदी के सबसे बड़े साथी- तेलुगु देशम पार्टी के एन चंद्रबाबू नायडू ने भी भारी रकम की मांग की है। टीडीपी ने आंध्र प्रदेश के लिए अगले कुछ सालों में 12 बिलियन डॉलर से अधिक की सहायता के लिए अनुरोध किया है। दोनों गठबंधन दलों की मांगों को मिला दे तो यह सरकार के वार्षिक खाद्य सब्सिडी बजट 2.2 ट्रिलियन रुपये के आधे से भी ज्यादा के बराबर हैं। इससे यह साफ पता चलता है कि मोदी पर राजकोषीय दबाव बढ़ गया है। प्र.मंत्री पर अपने साथियों की मांगों के साथ साथ सरकारी लोन में कमी ला कर संतुलन बनाने का भी दबाव है। हालांकि रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को इस बार रिकॉर्ड मुनाफा देने और टैक्स कलेक्शन में वृद्धि के बाद इस साल के बजट में सरकार के पास कुछ छूट है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में बीजेपी पूर्ण बहुमत का आंकड़ा नहीं छू सकी और सरकार बनाने के लिए जदयू और टीडीपी के समर्थन पर निर्भर है। बीजेपी के दोनों सहयोगी चाहते हैं कि केंद्र सरकार उन्हें अपने राज्यों में अधिक उधार लेने की इजाजत दे।

## सचिन पायलट ने टोंक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ही बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति हो, उसके कहने पर अगर सरकार आंख मूंद लेगी और यह गैर कानूनी कार्रवाई होती रहेगी तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

कश्मीर के कठुआ में सेना पर हुए आतंकी हमले पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आतंकी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। सब भी बालिकाओं की पढ़ाई के हित में दूंगा। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा के लिए किसी भी तरह के साधन संसाधनों की कमी नहीं आने दूंगा। लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद हरीश चंद्र मीणा ने कहा कि शिक्षा विकास का सबसे बेहतर माध्यम है। बालिकाओं की शिक्षा में उनकी ओर से भी हर संभव मदद की जाएगी। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, पूर्व

- **बालिका सीनियर सैकेण्डरी स्कूल कोहना के भवन का निर्माण विधायक कोटे की राशि से हुआ है, जिसकी लागत 4 करोड़ 49 लाख थी। विद्यालय के प्रिंसिपल ने दिव्यांगों के लिए लिफ्ट, सी.सी.टी.वी. कैमरे, वॉटर कूलर सहित पायलट को स्कूल के लिए आवश्यक बीस बिंदुओं की सूची दी। पायलट ने सभी कार्यों को अपने विधायक मद से पूरा कराने की घोषणा करते हुए कहा कि, टोंक के विकास के लिए, विशेषकर शिक्षा विभाग के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।**

सचिन पायलट ने 4 करोड़ 49 लाख की लागत से बने राजकीय बालिका सीनियर सैकेण्डरी स्कूल कोहना के लोकार्पण समारोह में कहा कि साढ़े चार करोड़ की लागत से यह स्कूल भवन बना है। स्कूल में और भी आवश्यक सामान व सुविधाओं बीस बिंदुओं की लिस्ट प्रिंसिपल ने दी है। वो विधानसभा उपाध्यक्ष रामनारायण मीणा,घासी लाल चौधरी, नगर परिषद चैयरमेन अली अहमद, रामलाल संडीला, पार्षद सुनील बंसल, हंसराज गाता, मूलचंद बैरवा, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश मीणा, धर्मेन्द्र सालोदिया, खालिद खान, नईम अपोलो इत्यादि कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## ए.डी.जे...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लेकर हाईकोर्ट की परीक्षा सेल को योग्य विधिवेत्ताओं व प्रोफेसरों की कमेटी बनाने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट ने कमेटी को भी निर्देश दिए थे कि वह प्रश्न पत्र की लंबाई व प्रश्न हल करने को देखने के लिए स्वतंत्र रहेगी और हाईकोर्ट की परीक्षा सेल चार्ट के जरिए कॉपियों में कमेटी की ओर से दिए गए अंक और मौजूदा अंकों का तुलनात्मक अध्ययन कर हाईकोर्ट को बताएगी। इसे हाईकोर्ट प्रशासन ने एस.एल.पी. के जरिए सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी और कहा कि ए.डी.जे. भर्ती परीक्षा में कोई भी गड़बड़ी नहीं हुई है और कमेटी की रिपोर्ट में भी परीक्षा को सही होना बताया है। गौरतलब है कि ए.डी.जे. भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर अभ्यर्थी प्रदीप मलिक व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि भर्ती परीक्षा के पेपर ज्यादा लंबे थे और साक्षात्कार में चार गुणा अभ्यर्थियों की बजाय केवल चार अभ्यर्थियों को ही बुलाया गया, जबकि भर्ती में 779 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए योग्य माना गया था। इसलिए पात्र अभ्यर्थियों को बोनस अंक देकर वकील कोटे के सभी खाली 81 पदों को भरा जाए।

# कांग्रेस प्र.मंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरु करने की मांग करेगी

## कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है

नई दिल्ली, 9 जुलाई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे लेकर प्र.मंत्री मोदी के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है। उन्होंने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र भी लिखा है। रमेश ने यह चिट्ठी सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, 'नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने घटते कद को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, मैंने राज्यसभा के माननीय सभापति को पत्र लिखकर राज्यसभा के पूर्व सभापति डॉ. हामिद अंसारी के खिलाफ उनके अपमानजनक बयान के लिए विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने 2 जुलाई 2024 को लोकसभा में वह बयान दिया था।'

- **दरअसल, प्र.मंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए गत 2 जुलाई को लोकसभा में कहा, 'चाहे विपक्ष कितनी भी संख्या का दावा करे, जब हम 2014 में आए तो राज्यसभा में हमारी ताकत बहुत कम थी। साथ ही, सभापति का झुकाव कुछ हद तक दूसरी तरफ था, लेकिन हम गर्व के साथ देश की सेवा करने के अपने संकल्प से नहीं डिगे।**

जयराम रमेश ने पत्र में दावा किया कि जिस तरह प्र.मंत्री मोदी ने अंसारी पर हमला किया, उस तरह अब तक किसी भी प्रधानमंत्री ने किसी पूर्व लोकसभा अध्यक्ष या राज्यसभा के पूर्व सभापति के खिलाफ निशाना नहीं साधा था। राज्यसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी न सिर्फ अपने पद की गरिमा को निचले स्तर पर ले गए हैं, बल्कि उन्होंने संसदीय मर्यादाओं और नियमों को भी तोड़ा है। उन्होंने धनखड़ के सामने अपील रखी कि इस अपमानजनक टिप्पणी के लिए प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरू की जाए। मालूम हो कि प्र.मंत्री मोदी ने किसी का नाम नहीं लिया था, मगर पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी अगस्त 2012 से अगस्त 2017 तक राज्यसभा के सभापति रहे।

दरअसल, प्र.मंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए कुछ अहम बातें कही थीं। उन्होंने 2 जुलाई को लोकसभा में कहा, 'चाहे विपक्ष कितनी भी संख्या का दावा करे, जब हम 2014 में आए तो राज्यसभा में हमारी ताकत बहुत कम थी। साथ ही, सभापति का झुकाव कुछ हद तक दूसरी तरफ था, लेकिन हम गर्व के साथ देश की सेवा करने के अपने संकल्प से नहीं डिगे। मैं देश की जनता को कहना चाहता हूं कि आपने जो फैसला लिया है, आपने हमें सेवा करने का जो आदेश दिया है, ऐसी किसी भी बाधा से न तो मोदी डरेगा और न ही यह सरकार डरेगी। हम जिन संकल्पों को प्राप्त करने के लिए निकले हैं, उन्हें पूरा करके रहेंगे।'

## भजनलाल सरकार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को अपना पूर्ण बजट यानी परिवर्तित बजट विधानसभा में पेश करने जा रही है। पिछली चार सरकार के कार्यकाल को देखें तो केंद्र सरकार के बजट पेश होने का बाद प्रदेश का बजट पेश होता है, लेकिन इस बार भजन लाल सरकार केंद्र सरकार से पहले बजट पेश करने जा रही, क्योंकि केंद्र सरकार 20 जुलाई के बाद अपना बजट पेश करेगी। ऐसे में अगर भजन लाल सरकार केंद्र के बाद में बजट पेश करती है तो 31 जुलाई से पहले बजट सदन से पारित होकर राज्यपाल से अनुमोदित नहीं हो पाएगा, यही वजह है प्रदेश सरकार केंद्र से पहले 10 जुलाई को बजट पेश करेगी। इस बजट से आम और खास सभी को खासा उम्मीदें हैं। बताया जा रहा है कि इस बार सरकार का बजट महिलाओं पर केंद्रित होगा, इसके साथ ही रोजगार के रास्ते कैसे खोले जाए इसको लेकर भी बजट में कुछ विशेष घोषणाएं की जा सकती है। दरअसल, बजट पेश करने से पहले मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और वित्त मंत्री के तौर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अलग-अलग वर्ग के लोगों के साथ में बजट पूर्व संवाद करके बजट के संबंध में जो सुझाव लिए थे उनका असर बजट में देखा जा सकता है।

# 'कहीं ऐसा ना हो कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में उतरना पड़ जाये'

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ते हुये कहा कि, आतंकवाद बंद हो जाना चाहिये नहीं तो पाकिस्तान बर्बाद हो जायेगा

नई दिल्ली, 9 जुलाई। कठुआ में सेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत की वकालत करने वाले अब्दुल्ला ने खुलकर कहा है कि आतंकवाद और बातचीत साथ में नहीं हो सकती। पहले इसे बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जैसे देश पर पूरी दुनिया को दबाव बढ़ाना चाहिए कि वह आतंकवाद को बंद करे वरना बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इसी तरह आतंकवाद चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं है कि हमें युद्ध पर उतरना पड़ेगा।

अब्दुल्ला ने कहा, यह आतंकवाद किसी की मदद नहीं करेगा। अगर वह मुल्क जो इनको भेज रहा है, हमारा पड़ोसी (पाकिस्तान) यह समझता है कि इससे कोई तब्दीली आएगी तो वह नहीं होगा। वे फेल हो जाएंगे। आज पांच जवानों ने शहादत दे दी है। पांच अस्पताल में गंभीर हैं। मुझे इससे तो डर है कि कहीं हम लोगों में लावा इतना भर जाए कि हमें लड़ाई पर आना पड़े। उनको ये देखना चाहिए। वे पहले ही बर्बाद हो गए हैं। लड़ाई दोनों मुल्कों में तबाही ही लाएगी। इसको बंद करें। आतंकवाद को बंद करें। सारी दुनिया में इसकी निंदा हो रही है।

उन्होंने कहा, कोई भी दुनिया का मुल्क इसको कबूल करने को तैयार नहीं है। ये जो कर रहे हैं इससे उनको मिलेगा क्या। आज उन जवानों के घरों में मातम हो रहा होगा। वे कह रहे होंगे कि आप क्यों बैठे हैं और कुछ कर नहीं रहे हैं। ये आतंकवाद उनको ही बर्बाद कर देगा। पाकिस्तान से बातचीत के रास्ते को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि बातचीत भी होगी जब ये सब बंद होगा। दोनों चीजें एक साथ नहीं हो सकतीं। वक्त आ गया है कि अगर हमें दोस्ती चाहिए तो उसकी राह बनानी होगी आतंकवाद उस रास्ते की तरफ नहीं है। उनको आतंकवाद पर सख्त कदम उठाने चाहिए। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, आज ही नहीं सालों साल से हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। क्या वे चाहते हैं कि उनके घरों में भी मातम आए।

फारूक अब्दुल्ला ने कहा, मुझे समझ में नहीं आता कि उनकी (पाकिस्तान) सोच क्या है। इससे कोई भी आगे नहीं आएगा। इससे वे पीछ जाएंगे। देर होने से पहले उन्हें बंद करना चाहिए। पूरी दुनिया को इस देश पर दबाव बढ़ाना चाहिए और बताया चाहिए कि यह शांति का नहीं बल्कि तबाही का रास्ता है और इसको तुरंत बंद करना चाहिए।

बता दें कि सोमवार को कठुआ में सेना के काफिले पर आतंकियों के झुंड ने हमला कर दिया था। आतंकियों ने वाहनों को घेर लिया और फिर ग्रेनेड फेंकने शुरू कर दिए। घात लगाकर किए गए हमले में पांच जवान शहीद हो गए और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए।

## रूस जाने वाले संसदीय डैलिगेशन का नेतृत्व करेंगे ओम बिड़ला

नयी दिल्ली, 9 जुलाई (वार्ता) लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में गुरूवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे।

इस शिष्टमंडल में राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, राज्य सभा सदस्य शंभू शरण पटेल, लोक सभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव पी.सी. मोदी शामिल हैं। लोक सभा सचिवालय में संयुक्त सचिव अंजनी कुमार शिष्टमंडल के सचिव हैं।

दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच का मुख्य विषय 'समान वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करने में संसदों की भूमिका' है।

## नाबालिग से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

1.02 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि भले ही मामले में पीड़िता और उसके माता-पिता पक्षद्रोही हो गए हो, लेकिन डी.एन.ए. रिपोर्ट से साबित है कि अभियुक्त ने पीड़िता के साथ ज्यादती की है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ललिता संजीव महरवाल ने अदालत को बताया कि 2 जुलाई, 2023 को पीड़िता के पिता ने शास्त्रीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि कल शाम को उसकी पत्नी का फोन आया था कि पीड़िता दोपहर से नहीं मिल रही है। जब वह घर पहुंचा तो पत्नी ने बताया कि पीड़िता अपने छोटे भाई के साथ मदीना मस्जिद के आगे खेलने गई थी। इस दौरान दोनों बच्चों के बीच झगड़ा हो गया। इस पर बेटा तो घर आ गया, लेकिन बेटी घर नहीं आई। उसने पत्नी के साथ बेटी को आसपास तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता और उसके माता पिता पक्षद्रोही हो गए, उन्होंने घटना से इनकार किया। लेकिन डी.एन.ए. रिपोर्ट में अभियुक्त का सीमन पीड़िता के कपड़ों पर पाया गया। इस पर अदालत ने अभियुक्त को दंडित करते हुए उस पर जुर्माना लगाया है।

## 'बिहार व बंगाल जैसे राज्यों में मुस्लिमों की आबादी अनियंत्रित तरीके से बढ़ रही है'

नई दिल्ली, 9 जुलाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) से जुड़ी एक पत्रिका ने देश के कुछ इलाकों में मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ 'जनसांख्यिकीय असंतुलन' बढ़ने का दावा करते हुए कहा कि एक व्यापक राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण नीति की जरूरत है। 'ऑर्गेनाइजर' साप्ताहिक के ताजा अंक में प्रकाशित संपादकीय में जनसंख्या के लिहाज से क्षेत्रीय असंतुलन पर चिंता जताते हुए नीतिगत हस्तक्षेप की वकालत की गई है।

पत्रिका में लिखा गया है कि पश्चिम और दक्षिण के राज्य जनसंख्या नियंत्रण उपायों को लागू करने में अपेक्षाकृत बेहतर काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें जनगणना के बाद आबादी में बदलाव होने पर संसद में कुछ सीट कम होने का डर है।

# चार दिन में दूसरी बार राहुल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

साथ ही, एक सीट (कानपुर में सीसामऊ) इसलिये खाली हुई है कि उस सीट के विधायक को भ्रष्टाचार के एक केस में दोषी ठहराया गया है। अन्य सीटें, जहाँ उपचुनाव होने हैं, इस प्रकार हैं- प्रयागराज में फूलपुर, अलीगढ़ में खैर, गाजियाबाद शहर, मिर्जापुर में मछुआ, मुजफ्फरनगर में मीरपुर, फैजाबाद में मिल्कीपुर, मैनपुरी में करहल, अम्बेडकर नगर में कथेहरी तथा मुरादाबाद में कुन्द्रकी। वर्ष 2022 के चुनावों में, इनमें से पाँच सीटों पर भाजपा तथा उसके गठबंधन-पार्टनरों की जीत हुई थी तथा शेष पाँच सीटें इण्डिया गठबन्धन के खाते में गई थीं।

इन उपचुनावों के परिणामों का योगी आदित्यनाथ सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं होगा। जैसा कि सामान्य ट्रैंड रहा है, राज्य के उपचुनावों में सत्तारूढ़ दल की ही विजय हुई है। फिर भी, इन उपचुनावों से एक बड़ी राजनैतिक प्रतीकात्मकता जुड़ी हुई है। एन.डी.ए. तथा इंडिया गठबन्धन इन सीटों को जीतने के लिये एडी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक सीट के लिये दो मन्त्री नियुक्त कर रखे हैं तथा योगी स्वयं भी उपचुनावों पर नजर रखे हुए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बी.एल.सन्तोष ने शनिवार और रविवार को लखनऊ में रहकर पार्टी के प्रान्तीय नेताओं के साथ आगे की योजनाएं सुनिश्चित कीं।

- **क्योंकि मिल्कीपुर अयोध्या से सटी हुई सीट है और भाजपा इस सीट पर जीतती है तो उसकी अयोध्या में प्रतिष्ठा पुनः स्थापित हो जाती है जो फैज़ाबाद सीट पर लोकसभा चुनाव में हार के बाद काफी गिर सी गयी थी।**

इस बीच, पार्टी की राजनैतिक उपस्थिति बढ़ने से उत्साहित कांग्रेस पार्टी ने दो-तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की माँग की है। कांग्रेस का तर्क है कि समाजवादी पार्टी उन सीटों पर चुनाव लड़ सकती है जो उसने स्वयं खाली की हैं तथा कांग्रेस को वे सीटें दी जा सकती हैं जो भाजपा या उसके सहयोगी दलों ने खाली की हैं। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने तीन सीटें माँगी हैं - गाजियाबाद, फूलपुर तथा खैर। ऐसी सम्भावना है कि राहुल गांधी अगले कुछ दिनों में सपा नेता अखिलेश यादव के साथ सीट शेयरिंग योजना पर चर्चा करेंगे।

फैजाबाद की मिल्कीपुर सीट, जो अयोध्या चुनाव क्षेत्र से सटी हुई है, के लिये होने वाली राजनैतिक लड़ाई पर सबकी नजरें रहेंगी।

भाजपा मिल्कीपुर सीट को जीतने में अपनी सारी ताकत झौंक सकती है क्योंकि यह सीट भगवा पार्टी को उसका वह गर्व एवं सम्मान कुछ हद तक वापस पाने में मदद कर सकती है, जो उसने उस समय खो दिया था, जब लोकसभा चुनावों में सपा ने फैजाबाद/अयोध्या सीट पर भगवा पार्टी को हरा दिया था लेकिन इस सीट पर होने वाली लड़ाई काफी कड़ी रहने की सम्भावना है क्योंकि अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर सीट लगातार सात बार जीत चुके हैं। भाजपा का मानना है कि इस बार चुनावी मैदान में बसपा की मौजूदगी से भाजपा को लाभ मिलेगा। सामान्यत: बसपा उपचुनाव नहीं लड़ा करती है लेकिन इस बार उसने चुनावी अखाड़े में उतरने की घोषणा कर दी है।

# भारत-रूस संवाद से पहले...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ज्ञातव्य है कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद, जब वैश्विक ऊर्जा बाजार की खलबली जब अपने चरम पर थी, उस समय भारत को रूस से कम दरों पर तेल मिला था।

इसके अलावा, भारत का एक और भी हित था। भारत को रूस से हथियार लेने थे क्योंकि रूस परम्परागत रूप से उस समय भी भारत के लिये सैन्य हार्डवेयर का प्रमुख सप्लायर रहा है, जब पश्चिमी देशों ने भारत को हथियार देने से इनकार कर दिया था। अभी हाल ही में, भारत ने सैन्य हार्डवेयर की खरीद में कुछ बदलाव भी किए हैं।

इसीलिये, रूसी नेता से भेंट करने में भारत के बड़े हित निहित हैं। यह यात्रा जितनी भारत के लिए महत्वपूर्ण है, उतनी ही पुतिन के लिए भी, क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री की रूस यात्रा ने पश्चिम को यह दर्शा दिया है कि रूस शेष विश्व से इतना अलग-थलग तथा कटा हुआ नहीं है, जितना पश्चिमी देश चाहते हैं।

- **अतः मोदी का पुतिन को गले लगाना यह मैसेज भी दे रहा था कि भारत की विदेश नीति भारत के हितों पर निर्भर करती है केवल थ्योरैटिकल सिद्धांतों पर नहीं।**

दुनिया में चीन के अलावा ऐसा अन्य कोई देश नहीं है जो रूस को वैश्विक स्तर पर स्वीकृति दे रहा हो। इसके अलावा, इन्टरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट द्वारा पुतिन के खिलाफ दिए गए गिरफ्तारी के फैसले के फलस्वरूप, रूस के बाहर की पुतिन की सारी गतिविधियां रुक गई हैं।

लेकिन, मोदी की रूस यात्रा के आस-पास की परिस्थितियों ने इस यात्रा को मोदी तथा भारत के लिए और ज्यादा जटिल तथा उत्तेजक बना दिया है। दरअसल, जिस दिन मोदी मॉस्को पहुँचे थे, रूस ने यूक्रेन के कीव शहर में बच्चों के अस्पताल पर हमला कर दिया था, जिसके फलस्वरूप अस्पताल में काफी बच्चों की मृत्यु हो गई थी।

मीटिंग का ब्यौरा जारी करते हुये, भारतीय पक्ष ने यह स्पष्ट कर दिया था कि बच्चों की मौतों के समाचार को लेकर प्रधानमंत्री ने गहरी वेदना एवं दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे को भी रेखांकित किया था, कि भारतीय नागरिकों को धोखा देकर रूसी सेना में भर्ती कर लिया गया है तथा उन्हें यूक्रेन में युद्ध करने भेज दिया गया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन रूसी सेना भर्ती कर लिए गए इन भारतीयों को स्वदेश भेजने के लिए सहमत हो गए हैं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

